तापमान
अधिकतम 36 .8 डिग्री
न्यूनतम 28 .2 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, मंगलवार, 24 जून 2025

12 जनता की आर्थिक दिक्कतों को लेकर गंभीर हुई सरकार

12 श्री परशुराम जिला ब्राह्मण सभा कार्यकारिणी का विस्तार


## खबर संक्षेप

### कुवि धरोहर संग्रहालय को भेंट की प्राचीन वस्तुएं

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के हरियाणा धरोहर संग्रहालय में सोमवार को देवेंद्र कुमार पुत्र कुशालचंद मजोका गांव रायसन, द्वारा अपने दादा स्वर्गीय श्यामलाल मजोका द्वारा प्रयोग की गई घरेलू प्राचीन वस्तुएं जैसे बैलों का जुआ, फावड़ा, मूसल, गाड़ी के पहिए की हब, जँदरा, धरोहर हरियाणा संग्रहालय के क्यूरेटर डॉक्टर कुलदीप सिंह आर्य को भेंट की।

### लूट के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना बराड़ा में दर्ज लूट के मामले में सीआईए-2 ने आरोपी संदीप सिंह उर्फ सोनू को गिरफ्तार किया है। उसे चार दिन के रिमांड पर लिया गया है। आरोपी से 3 सोना अंगूठी व 25 हजार की नकदी बरामद की गई है। मामले में संलिप्त अब तक कुल छह आरोपियों को गिरफ्तार किया जा कर वारदात में प्रयुक्त गाड़ी, मोटरसाइकिल, सोना जेवरात नकदी, मोबाइल आदि बरामद किए जा चुके हैं। हरगोबिंदपुरा के रहने वाले कमलजीत सिंह ने 17 सितंबर 2023 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि इनोवा गाड़ी में सवार होकर आए आरोपी गन प्वाइंट पर उसके घर से लाखों रूपये की नकदी व सोना जेवरात लूट कर फरार हो गए हैं। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना अंबाला छावनी में दर्ज मोटरसाइकिल चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी गुरध्यान सिंह को गिरफ्तार किया है। डेहा कॉलोनी के अमन ने 15 जून 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपी ने उसकी मोटरसाइकिल चोरी की है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी।

### कचरा प्रबंधन पर कार्यशाला आज

**पानीपत।** ठोस व तरल कचरा प्रबंधन को लेकर स्वच्छ भारत मिशन के कार्यकारी वाइस चेयरमैन सुभाष चंद्र 24 जून मंगलवार को बाद दोपहर जिला सचिवालय में जिला स्तरीय कार्यशाला को संबोधित करेंगे। जिला परिषद की सीईओ डॉ. किरण सिंह ने बताया कि वाइस चेयरमैन 3:30 बजे ग्रामीण विकास से जुड़े अधिकारियों के साथ जिला स्तरीय कार्यशाला में भाग लेंगे और संबोधित करेंगे

### भीख मंगवाने वाले गिरोह पर अंकुश की मांग

**पानीपत।** असंध रोड स्थित लतीफ गार्डन वासी आरटीआई एक्टिविस्ट यशपाल मलिक ने उपयुक्त को पत्र लिखकर जिले में बढ़ रही चोरी की वारदातों में भीख मांगने व मंगवाने वाले ग्रुप के लोगों की जांच कर अंकुश लगाने की मांग की है। यशपाल मलिक ने कहा कि दिन में भीख मांगने वाले ग्रुप के सदस्य रेकी करते हैं और रात के समय चोरी की वारदातों को अंजाम देते हैं।

# श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय की चिकित्सा से ऐलिस ने रच दिया इतिहास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय ने एक बार फिर यह सिद्ध कर दिया है कि आयुर्वेदिक चिकित्सा न केवल जीवनशैली विकारों का समाधान है,बल्कि यह सपनों को साकार करने की प्रेरणा शक्ति भी बन सकती है। कैथल जिले के गांव डीग की 30 वर्षीय ऐलिस (आशा देवी) इसकी मिसाल बनी हैं, जिन्होंने 8 फुट 7 इंच लंबे बालों के साथ विश्व रिकॉर्ड बनाकर भारत का नाम रोशन किया।

यहां पर उल्लेखनीय है कि उनकी इस उपलब्धि को इंडिया बुक ऑफ रिकॉड्र्स 2025 (आईबीआर) और एलाइट बुक ऑफ रिकॉड्र्स 2025 (ईबीआर) दोनों में दर्ज किया है, लेकिन इस कामयाबी की असली कहानी श्री कृष्ण आयुष विश्वविद्यालय से जुड़ी है,जिसने ऐलिस के सपनों को साकार किया।

## 8 फुट 7 इंच लंबे बालों के साथ बनाया वर्ल्ड रिकॉर्ड, कुलपति प्रो. धीमान ने दी बधाई

### कैंसर पीड़ित को डोनेट किए बाल

ऐलिस ने विश्व रिकॉर्ड बनने के बाद अपने बाल सिरसा स्थित एक कैंसर पीड़ति को दान कर दिए। उन्होंने कहा कि बालों को बढ़ाना मेरा सपना था,लेकिन अब यही सेवा का माध्यम बन गया है। आयुष चिकित्सा ने मुझे वह आत्मविश्वास और सौंदर्य दिया, जिसे मैं अब दूसरों के साथ बांटना चाहती हूं।



### आयुष ने दी नई राह

ऐलिस ने विश्व की सबसे लंबे बालों वाली महिला बनने का सपना संजोया था,लेकिन भारी रूसी और बालों के झड़ने ने उनकी उम्मीदों पर पानी फेर दिया था। ऐलिस के बाल 7 फुट 9 इंच जरूर थे,लेकिन रूसी के कारण लगातार बाल टूट रहे थे। ऐसे में उन्होंने श्री कृष्ण आयुष विश्वविद्यालय के आयुर्वेद अध्ययन एवं अनुसंधान संस्थान (अस्पताल) के क्रिया शरीर विभाग की प्रोफेसर वैद्य शुभा कौशल से संपर्क किया। प्रो.कौशल ने लगभग डेढ़ साल तक ऐलिस का आयुर्वेदिक उपचार किया, जिसमें देसी औषधियों, जड़ी-बूटियों और जीवनशैली परिवर्तन का समावेश था। इस उपचार के फलस्वरूप ऐलिस के बाल न केवल झड़ना बंद हुए,बल्कि उनकी लंबाई बढ़कर 8 फुट 7 इंच हो गई।

### वीसी ने चिकित्सा प्रणाली पर जताया गर्व

विश्व रिकॉर्ड बनने के बाद ऐलिस जब श्री कृष्ण आयुष विश्वविद्यालय पहुंचीं तो कुलपति प्रो. वैद्य करतार सिंह धीमान ने मिठाई खिलाकर उन्हें और वैद्य शुभा कौशल को शुभकामनाएं दीं। कुलपति ने कहा कि यह विश्वविद्यालय के लिए गर्व का क्षण है। ऐलिस का रिकॉर्ड सिर्फ व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं,बल्कि आयुष चिकित्सा की सफलता का उदाहरण है। हमारी बेटियां खेलों से लेकर सौंदर्य और सेवा तक हर क्षेत्र में नेतृत्व कर रही हैं। ऐलिस ने यह दिखा दिया कि अगर बालों से जुड़ी कोई समस्या हो तो आयुर्वेदिक चिकित्सा सबसे प्रभावी समाधान हो सकती है। वहीं, प्रो.वैद्य शुभा कौशल ने कहा ऐलिस जब उनके पास आईं, तो सिर में गहरी रूसी,पपड़ी और बाल झड़ने की समस्या थी।

## मेरी आवाज सुनो कार्यक्रम के तहत किया प्रदर्शन, रादौर मंडल अध्यक्ष को सौंपा ज्ञापन

# नगर पालिका कर्मचारी संघ ने 29 को मंत्री का आवास घेरने की दी चेतावनी

अगस्त 2024 को वार्ता हुई थी। जिसमें कर्मचारियों की कुछ अहम मांगों पर सहमति बनी थी लेकिन सरकार ने आज तक मानी गई मांगों के पत्र जारी नहीं किए।



यमुनानगर के रादौर में मांगों को लेकर प्रदर्शन करते नगर पालिक कर्मचारी संघ के सदस्य। फोटो: हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

नगर पालिका कर्मचारी संघ के सदस्यों ने सोमवार को मेरी आवाज सुनो कार्यक्रम के तहत रादौर अनाज मंडी में इकट्ठा होकर प्रदर्शन किया। इस दौरान संघ के सदस्यों ने कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा के आवास पर पहुंचकर रादौर बीजेपी मंडल अध्यक्ष को मुख्यमंत्री के नाम मांगपत्र सौंपा। संघ के सदस्यों ने 29 जून को फरीदाबाद में मंत्री आवास का घेराव करने की चेतावनी दी।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए शाखा प्रधान पपला व सचिव सोरन ने बताया कि संघ व सरकार के बीच सात अगस्त 2024 को वार्ता हुई थी। जिसमें कर्मचारियों की कुछ अहम मांगों पर सहमति बनी थी लेकिन सरकार ने आज तक मानी गई मांगों के पत्र जारी नहीं किये। संघ ने सात अगस्त को हुई वार्ता के पत्र जारी करवाने के लिए अनौपचारिक रूप से शहरी स्थानीय निकाय मंत्री विपुल गोयल से मुलाकात कर मानी गई मांगों के पत्र जारी करवाने व वार्ता का समय देने का अनुरोध किया। मगर सरकार के स्तर पर संघ की अपील को नजर अंदाज किया जा रहा है। जिससे यमुनानगर निगम व अग्निशमन विभाग के कर्मचारियों में सरकार के प्रति नाराजगी पनप रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार लगातार नगर पालिकाओं, नगर परिषदों, नगर निगम व फायर के कर्मचारियों के साथ वायदा खिलाफी कर रही है। उन्होंने कहा कि समझौते में मानी गई मांगों में सफाई व सीवरमेन को नियमित भर्ती प्रक्रिया के तहत पक्का करना।

जींद में महर्षि वाल्मीकि जयंती के अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणा के अनुसार शहरी व ग्रामीण सफाई कर्मचारियों को 26 हजार रुपये व शहरी सफाई कर्मचारियों को 27 हजार रुपये वेतन का लेटर जारी करना। फायर विभाग 2268 सर्जित पदों पर 1340 पे रोल व 212 कौशल के कर्मचारियों को मर्ज करके समान काम समान वेतन देना आदि शामिल है । उन्होंने कहा कि मांगों को लेकर कर्मचारियों द्वारा 29 जून को राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री विपुल गोयल के फरीदाबाद स्थित आवास का घेराव किया जायेगा और नौ जुलाई को हड़ताल में भी बढ़चढ़ कर भाग लेंगे।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर बलदीप तुंबी, सुरेश, जीतो, कमलेश, श्यामलाल, फायर से शाखा प्रधान वीरेंद्र धीमान, विक्की वालिया, सुखबीर सिंह, विजेंद्र पाल व रिंकू कुमार आदि मौजूद थे।



■ परिजनों का आरोप अवैध संबंधों की वजह से युवक को आत्महत्या के लिए उकसाया गया

अंबाला। थाने में हंगामा करते परिजन। फोटो: हरिभूमि

# अंबाला में सफाई कर्मचारी की मौत पर जमकर हंगामा

## परिजनों ने पुलिस पर कार्रवाई न करने के आरोप लगाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला कैंट में अवैध संबंधों के चलते हुई यश की आत्महत्या के मामले में कार्रवाई न होने से नाराज परिजनों ने पड़ाव थाने में हंगामा किया। परिजनों ने पुलिस पर आरोप लगाया कि वह जानबूझकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं कर रही। मृतक यश के परिवार का कहना है कि आत्महत्या के पीछे कुछ लोगों की साजिश है लेकिन पुलिस उन्हें बचा रही है। दूसरी ओर, पुलिस का कहना है कि जांच में अभी तक कोई ठोस सबूत नहीं मिले हैं इसलिए कार्रवाई संभव नहीं हो पाई है। परिजनों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई, तो वे उग्र प्रदर्शन करेंगे। मामला लगातार तूल पकड़ता जा रहा है और अब पुलिस पर जांच को लेकर दबाव बढ़ रहा है। बता दें कि अंबाला कैंट में बीती 17 जून को यश नाम के नगर परिषद कर्मचारी ने आत्महत्या कर ली थी। इस मामले में परिजनों ने आरोप लगाया था कि यश का पड़ोस की रहने वाली महिला के साथ संबंध था। उसका शोर मच गया था तो उस मामले में शोर मचाने वाले युवक व उस महिला व उसके पति ने यश का मानसिक शोषण शुरू कर दिया। इसके बाद से वह परेशान रहने लगा। परिजनों का आरोप है कि उन्हें इंसाफ नहीं मिल रहा है। महिला यश के हाथों साहिल का कत्ल करवाना चाहती थी लेकिन वह इसके लिए तैयार नहीं हुआ और मानसिक दबाव में उसने आत्महत्या कर ली। थाना इंचार्ज धर्मवीर सैनी ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है लेकिन जिनके खिलाफ शिकायत दी गई है उनके खिलाफ कोई सबूत नहीं मिला है। कोई भी सुराग हाथ लगेगा तो कार्रवाई की जाएगी।

# कुवि ने 21 परीक्षाओं के परिणाम घोषित किए

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की परीक्षा शाखा द्वारा 21 परीक्षाओं के परिणाम घोषित किए गए हैं। परीक्षा नियंत्रक डॉ. अंकेश्वर प्रकाश ने बताया कि दिसम्बर 2024 में आयोजित बी.एससी. ग्राफिक्स और एनिमेशन 5वाँ सेमेस्टर, बी.टेक प्रथम सेमेस्टर (सीएसईएआईएमसी) (री-अपीयर), एम.टेक. (ईईई) फ्रेश प्रथम सेमेस्टर, एमफार्मा प्रथम (फ्रेश/री-अपीयर), बी.एस.सी. (होम साइंस) प्रथम सेमेस्टर (ओल्ड एनईपी) (री-अपीयर), एम.फार्मा तृतीय सेमेस्टर (नया), बी.फार्मेसी प्रथम सेमेस्टर (नया/पुनः उपस्थित), बी.ए.बी.एड (4 वर्षीय एकीकृत पाठ्यक्रम) प्रथम सेमेस्टर (आईयूएमएस), एम.टेक (ईईई) प्रथम सेमेस्टर (पुनः उपस्थित), एम.टेक तृतीय सेमेस्टर (ईईई) (नया), बी.एससी./बी.एड प्रथम सेमेस्टर (नया) आईयूएमएस, एम.एससी. (गणित) प्रथम सेमेस्टर (फ्रेश) (एनईपी) परीक्षाओं के परिणाम घोषित किए गए हैं। डॉ. अंकेश्वर प्रकाश ने बताया कि अप्रैल 2025 में आयोजित बी.ए. द्वितीय सेमेस्टर (ऑनलाइन) डीडीई, एम.ए. (राजनीति विज्ञान) द्वितीय सेमेस्टर (ऑनलाइन) डी.डी.ई.,एम.ए.एम.सी. द्वितीय सेमेस्टर (ऑनलाइन) डी.डी.ई., डिप्लोमा इन साइबर सिक्योरिटी द्वितीय सेमेस्टर (ऑनलाइन) डी.डी.ई., बी.कॉम द्वितीय सेमेस्टर (ऑनलाइन) डी.डी.ई, एम.ए. (अंग्रेजी) द्वितीय सेमेस्टर (ऑनलाइन) डी.डी.ई.,एम.कॉम द्वितीय सेमेस्टर (ऑनलाइन) डी.डी.ई., बी.बी.ए. द्वितीय सेमेस्टर (ऑनलाइन) डी.डी.ई., एमएएमसी द्वितीय सेमेस्टर (ऑनलाइन) डीडीई, डिप्लोमा इन साइबर सिक्योरिटी द्वितीय सेम (ऑनलाइन) डीडीई, बीकाम द्वितीय सेमेस्टर (ऑनलाइन) डीडीई, एमए (अंग्रेजी) द्वितीय सेमेस्टर (ऑनलाइन) डीडीई, एमकाम द्वितीय सेमेस्टर (ऑनलाइन) डीडीई तथा बीबीए दितीय सेमेस्टर (ऑनलाइन) डीडीई परीक्षाओं के परिणाम घोषित किए हैं।

# डंपर ने नैनो कार को मारी टक्कर, दो भाई घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

साढौरा के दोसड़का चौक पर देर शाम डंपर ने नैनो कार को टक्कर मार दी। जिससे नैनो कार डंपर व पीछे से आ रहे स्वराज मजदा के बीच में फंस गई। हादसे में दो भाई घायल हो गए। जिनका इलाज अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात डंपर चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार गांव सैदुपुरा निवासी शिवम ने साढौरा पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि वह बिजली फिटिंग का काम करता है। उसके ताऊ के लड़के आनंद ने गांव सरांवा में फास्ट फूड के लिए दुकान किराए पर ली है। जब वह शाम को घर आया तो आनंद ने उसे दुकान में इनवर्टर की फिटिंग करने के लिए कहा। वह शाम को आनंद के साथ नैनो कार में फिटिंग करने के लिए चल पड़े। जब वह दोसड़का चौक से सरांवा की तरफ मुड़ने लगे तो तेज गति से आ रहे डंपर ने उनकी कार को सीधी टक्कर मार दी। जिससे उनकी कार पीछे आ रहे स्वराज मजदा व डंपर के बीच में फंस गई। उन दोनों भाईयों को हादसे में काफी चोटें आई। लोगों ने कार के शीशे तोड़कर उन्हें बाहर निकाला और अस्पताल पहुंचाया। जहां उनका इलाज चल रहा है। पुलिस ने डंपर चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

प्रशिक्षण सात दिन चलेगा ऑनलाइन

# आर्य कॉलेज में शैक्षणिक नेतृत्व पर शुरू हुआ शिक्षकों का प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



### क्षमता निर्माण करेगा

प्राचार्य डॉ. जगदीश गुप्ता ने कहा की शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य अनुरूप प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रदान करना है। यह कार्यक्रम संकाय सदस्यों की क्षमता निर्माण के लिए काम करेगा।

पानीपत। आर्य कॉलेज में शैक्षणिक नेतृत्व पर ऑनलाइन प्रशिक्षण एवं अनुस्थापन कार्यक्रम में लेते प्रतिभागी। फोटो: हरिभूमि

आर्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय एवं भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय सोनीपत के संयुक्त तत्वावधान में मालवीय मिशन शिक्षण प्रशिक्षण केंद्र ने यूजीसी द्वारा प्रायोजित शैक्षणिक नेतृत्व और राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के विषय पर 23 से 30 जून 2025 के बीच सात दिवसीय ऑनलाइन प्रशिक्षण एवं अनुस्थापन कार्यक्रम की शुरुआत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता बीपीएस विश्वविद्यालय की कुलपति डॉ. सुदेश, मालवीय मिशन की निदेशक डा. शैफाली नागपाल,प्राचार्य डा. जगदीश गुप्ता ने की। मैडम ने बताया की इस शॉर्ट टर्म कोर्स में कौशल विकास, सूचना और संचार प्रौद्योगिकी, भारतीय ज्ञान प्रणाली और बहुभाषीवाद, अनुसंधान और विकास, छात्र विविधता और समावेशी शिक्षा, उच्च शिक्षा और समाज और अकादमिक नेतृत्व, शासन और प्रबंधन जैसे तमाम विषयों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए प्राचार्य डा. जगदीश गुप्ता ने डा. रजनी शर्मा, डा. पंकज चौधरी को शुभकामनाएं दी। प्राचार्य डॉ. जगदीश गुप्ता ने कहा कि यह कार्यक्रम उच्च शिक्षण संस्थानों में संकाय सदस्यों की क्षमता निर्माण के लिए काम करेगा। इस अवसर पर समन्वयक डॉ.मनीषा नागपाल, प्रो.आस्था गुप्ता, डा.सोनिया सोनी मौजूद रहे।

मंथन

## बाबा बंदा सिंह बहादुर फाउंडेशन ट्रस्ट मॉनिटरिंग कमेटी की बैठक में बोले पूर्व मंत्री

मॉनिटरिंग कमेटी के अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री ने की बैठक की अध्यक्षता

# लोहगढ़ स्मारक में दिखाई देगी सिख संस्कृति की झलक : कंवरपाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

बाबा बंदा सिंह बहादुर लोहगढ फाउंडेशन ट्रस्ट मॉनिटरिंग कमेटी की बैठक का आयोजन व्यासपुर के पीडब्ल्यूडी विश्रामगृह में किया गया। बैठक की अध्यक्षता मॉनिटरिंग कमेटी के अध्यक्ष एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल ने की। बैठक में लोहगढ़ स्मारक के निर्माण की प्रक्रिया शुरु करने पर की गई चर्चा।

कमेटी के अध्यक्ष एवं पूर्व कैनिबनेट मंत्री कंवरपाल ने सबसे पहले सदस्यों से लोहगढ़ स्मारक की निर्माण प्रक्रिया शुरू किए जाने के संबंध में विस्तृत बातचीत की। उन्होंने स्मारक की निर्माण प्रक्रिया की निगरानी के लिए मॉनिटरिंग कमेटी एवं सिक्ख विरासत को प्रतिबिंबित करने वाले स्मारक के निर्माण करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि स्मारक में भव्य रुप से सिक्ख संस्कृति की झलक दिखाई देनी चाहिए। पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल ने कमेटी के सदस्यों को बताया कि स्मारक के क्षेत्र को आकर्षक रुप से अधिक हरा भरा बनाने की दिशा में भी प्रयास किए जाएं। ताकि प्राकृतिक वातावरण में बनाया जा रहा यह स्मारक पर्यटकों एवं श्रद्धालुओं को आकर्षित कर सके।



यमुनानगर। व्यासपुर के विश्रामगृह में आयोजित मॉनिटरिंग कमेटी की बैठक की अध्यक्षता करते हुए पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल व भाग लेते सदस्य।

### ये रहे मौजूद

बैठक में सूचना एवं भाषा विभाग हरियाणा के महानिदेशक केएम पांडुरंग, पर्यटन विभाग हरियाणा के निदेशक डॉ. शालीन, जिला उपायुक्त पार्थ गुप्ता, पीडब्ल्यूडी (बीएंडआर) हरियाणा के मुख्य अभियंता अनिल कुमार दहिया, ओएसडी टू सीएम प्रभलीन सिंह, जिला परिषद के सीईओ वीरेन्द्र सिंह ढुल, डीडीपीओ नरेन्द्र सिंह, एसडीएम व्यासपुर जसपाल सिंह गिल, कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग के उप निदेशक डॉ. पवन आर्य, डीआईपीआरओ डॉ.मनोज कुमार, पीडब्ल्यूडी विभाग के एससी संदीप गोयल व अमित मलिक आदि मौजूद रहे।

# इग्नू में जुलाई 2025 सत्र दाखिला शुरू डीईबी आईडी अनिवार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

इग्नू के क्षेत्रीय निदेशक डॉ. धर्मपाल ने बताया कि जुलाई 2025 सत्र के लिए दाखिले की प्रक्रिया आरंभ हो चुकी है। इच्छुक विद्यार्थी स्नातक, परास्नातक, डिप्लोमा और सर्टिफिकेट कोर्सों में प्रवेश के लिए डीईबी आईडी अनिवार्य रूप से बनवाएं। यूजीसी-डीईबी द्वारा जारी दिशानिर्देशों के अनुसार, अब सभी ओपन व डिस्टेंस लर्निंग और ऑनलाइन पाठ्यक्रमों में प्रवेश से पूर्व शिक्षार्थी को अपनी एबीसी आईडी के माध्यम से डीईबी आईडी जनरेट करनी होगी। इच्छुक अभ्यर्थी इग्नू की वेबसाइट पर जाकर आवेदन कर सकते हैं। प्रवेश की अंतिम तिथि 15 जुलाई 2025 निर्धारित की गई है।

# प्लेटफार्म पार कर रही महिला से लाइन पर गिरा डेढ़ साल का बच्चा

■ जीआरपी पुलिस ने बच्चे को पहुंचाया सिविल अस्पताल, पीजीआई रैफर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

यमुनानगर-जगाधरी रेलवे स्टेशन पर प्लेटफार्म पार कर रही महिला से उसका डेढ़ साल का बच्चा रेलवे लाइन पर गिर गया। जिससे बच्चे के सिर में गंभीर चोट आई।

जीआरपी पुलिस ने बच्चे को सिविल अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां बच्चे की गंभीर हालत को देखते हुए उसे पीजीआई रैफर कर दिया गया।

जानकारी के अनुसार जीआरपी इंस्पेक्टर बौधराज ने बताया कि सोमवार सुबह साढ़े नौ बजे हमीदा निवासी एक मंदबुद्धि महिला अपने डेढ़ साल के बच्चे को लेकर प्लेटफार्म नंबर तीन पार कर रही थी। इस दौरान उसका बच्चा अचानक से उसके छुट गया। जिससे वह रेलवे लाइनों के बीच में जा गिरा।

गनीमत यह रही कि रेलवे लाइन पर कोई ट्रेन नहीं आ रही थी। जैसे ही उन्होंने रेलवे लाइनों के बीचे में बच्चे को पड़ा देखा तो उसने तुरंत बच्चे को उठाया। उसके सिर में गंभीर चोट लगी थी। उसने बच्चे को तुरंत अन्य रेलवे पुलिस कर्मियों के साथ यमुनानगर के सिविल अस्पताल में भर्ती करवाया। बच्चे की हालत को देखते हुए जहां से उसे पीजीआई के लिए रैफर कर दिया गया। फिलहाल खबर लिखे जाने तक बच्चे की हालत चिंताजनक बनी हुई है।

## खबर संक्षेप



### आईएएस सोनू भट्ट ने एडीसी का पदभार संभाला

**करनाल।** करनाल के नवनियुक्त अतिरिक्त उपायुक्त (एडीसी) आईएएस सोनू भट्ट ने सोमवार को विधिवत रूप से अपना कार्यभार संभाल लिया। उन्होंने पदभार ग्रहण करने के उपरांत एडीसी कार्यालय के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों की बैठक लेकर तत्परता से कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। बता दें कि 2021 बैच के आईएएस अधिकारी सोनू भट्ट इससे पहले नारनौंद, सोहना और कुरुक्षेत्र में विभिन्न प्रशासनिक पदों पर सेवाएं दे चुके हैं।

### अतिक्रमण हटाओ अभियान में लगाया पक्षपात का आरोप

**करनाल।** कांग्रेस नेता पराग गाबा ने नगर निगम द्वारा रविवार को चलाए गए अतिक्रमण विरोधी अभियान पर गंभीर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि यह कार्रवाई गरीब फेरीवालों व रेहड़ी वालों के खिलाफ की गई, जबकि रसूखदारों को छोड़ दिया गया। उन्होंने कहा कि रविवार को जब बड़े प्रतिष्ठान बंद होते हैं, तब गरीब वर्ग अपनी रोजी-रोटी के लिए बाहर ठेला-खोमचा लगाते हैं, ऐसे में उसी दिन कार्रवाई करना अन्यायपूर्ण है। पराग गाबा ने कहा कि निगम कर्मचारियों द्वारा गरीबों से अभद्र व्यवहार किया गया और बिना किसी पूर्व सूचना के सामान जब्त किया गया। उन्होंने प्रशासन से इस पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराने और जब्त सामान लौटाने की मांग की है।

### हिसार में आंदोलनरत छात्रों को समर्थन देने पहुंचेंगे किसानः रतमान

**करनाल।** भारतीय किसान यूनियन ने आज एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए हिसार में आंदोलन कर रहे छात्रों के समर्थन का ऐलान किया है। भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष रतनमान ने कहा कि 24 जून को हिसार में होने वाली महापंचायत में यह विषय प्रमुख रूप से उठाया जाएगा। इस महापंचायत में भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत, राष्ट्रीय महासचिव युद्धवीर सहरावत और प्रदेश अध्यक्ष रतनमान स्वयं उपस्थित होंगे और छात्रों के आंदोलन का समर्थन करेंगे। रतनमान ने इस संबंध में कहा, हम भारतीय किसान यूनियन के सभी सदस्य छात्रों के संघर्ष के साथ खड़े हैं। उनके मुद्दे हमारे लिए भी महत्वपूर्ण हैं।

## धारा-370 हटाकर पीएम मोदी ने डॉ. मुखर्जी के सपने को किया साकार: कल्याण

# भाजपा को विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनाने में कार्यकर्ताओं की मेहनत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घरौंडा

मधुबन मण्डल के सभी बूथों पर भारतीय जनसंघ के संस्थापक डा.श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर बलिदान दिवस मनाया गया दिवस मनाया गया जिसके अंतर्गत सोमवार को कालरों शक्ति केंद्र के 108,109,110व 111 बूथों पर अलग अलग कार्यक्रम के अंतर्गत भारतीय जनसंघ के संस्थापक डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर बलिदान दिवस मनाया गया जिसमें मुख्य रूप से मीडिया प्रभारी व शक्ति केंद्र प्रमुख संदीप लोहट,पूर्व पंच मेमपाल राणा,ब्लॉक समिति प्रतिनिधि अशोक राणा, तेजबीर सिंह, ठाकुर मामचंद, सुरेश प्रजापत अजय वाल्मीकि उपस्थित रहे।मुख्य वक्ता संदीप लोहट ने डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मां भारती के सच्चे सपूत महान राष्ट्रवादी, शिक्षाविद एवं भारतीय जनसंघ के संस्थापक स्व. डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी की पुण्यतिथि पर शत शत नमन करता हूँ। उन्होंने देश की आजादी के बाद एक राष्ट्रवादी राजनीतिक भारतीय जनसंघ की स्थापना 21 अक्टूबर 1951 की।उनका मानना था कि एक देश मे दो विधान, दो प्रधान, दो निशान नहीं चलेंगे इसी का विरोध करते हुए वो जम्मू कश्मीर में बिना अनुमति के चले गए वहां उनको गिरफ्तार कर जेल में डाल दिया वहीं पर आज के दिन उनकी मौत हो गई थी। इस दिवस को भारतीय जनता पार्टी बलिदान दिवस के रूप में मनाती हैं। भारतीय जन संघ को छह अप्रैल 1980 को भारतीय जनता पार्टी का नाम दिया गया। भाजपा ने अपने शुरूआती समय में मात्र 2 सांसदों के साथ संसद में प्रवेश किया था और आज यह विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बन चुकी है। कार्यक्रम में पूर्व पंच मेमपाल राणा,ब्लॉक समिति प्रतिनिधि अशोक राणा, तेजबीर सिंह, ठाकुर मामचंद, सुरेश प्रजापत, अजय वाल्मीकि,सुभाष, मामू जोगी,कर्ण राणा,यश कुमार, ईश्वर सिंह, सोहन लाल, मोहन, बिक्रम, अनुराग, सतीश, ओमप्रकाश मराठा आदि रहे।



घरौंडा। डा.श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हरविंद्र कल्याण।



घरौंडा। डा.श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित करते भाजपाई।

### हर व्यक्ति को राष्ट्रहित में योगदान देना चाहिए

हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी एक देश, दो विधान, एक देश व दो तरह के कानून, एक देश व दो तरह के झंडे के पक्षधर नहीं थे। इसके खिलाफ उन्होंने संसद में भी आवाज उठाई। जेल में उनकी रहस्यमयी परिस्थितियों में मृत्यु हो गई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जम्मू-कश्मीर में धारा 370 हटाकर उनके सपने का साकार किया है। उन्होंने कहा कि समाज में भाईचारे को बरकरार रखते हुए हर व्यक्ति को समाज व राष्ट्रहित में भी योगदान देना चाहिए।

## डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को दी श्रद्धांजलि

- डा. मुखर्जी ने जम्मू-कश्मीर को भारत का अभिन्न अंग बनाए रखने के लिए प्राणों का बलिदान दिया : प्रवीण लाठर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



भारतीय जनसंघ के संस्थापक, प्रखर राष्ट्रवादी और महान शिक्षाविद् डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर भाजपा जिला कार्यालय कर्ण कमल में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण लाठर ने की। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने डॉ. मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए। प्रवीण लाठर ने अपने संबोधन में कहा कि डॉ. मुखर्जी ने "एक देश में दो निशान, दो विधान और दो प्रधान नहीं चलेंगे" का ऐतिहासिक नारा देकर देश की एकता और अखंडता की रक्षा का बिगुल बजाया था। उन्होंने 1952 में जम्मू-कश्मीर में अभियान चलाते हुए अपने प्राणों की आहुति दी। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण लाठर के अलावा करनाल नगर निगम मेयर रेणु बाला गुप्ता, सांसद प्रतिनिधि कविंद्र राणा, पूर्व जिलाध्यक्ष अशोक सुखीजा, अशोक भंडारी आदि रहे।



घरौंडा। डा.श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित करते भाजपाई।

### योग शिक्षक दिनेश गुलाटी का जन्मदिवस मनाया

करनाल। मेरा मिशन स्वस्थ भारत' के संचालक योग शिक्षक दिनेश गुलाटी के जन्मदिवस पर सेक्टर-12 स्थित योग कक्षा में हर्षोल्लास के साथ उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर शिक्षकों, साधकों व टीम के सदस्यों ने केक काटकर शुभकामनाएं दीं। योग शिक्षिका नीलम बटला, वीना धीर, वीना सेठ, मनोज कामरा सहित अन्य वक्ताओं ने उनके समाज सेवा व योग प्रचार में योगदान की सराहना की। योगगुरु दिनेश गुलाटी ने कहा कि उनका मिशन है। जब तक समाज का हर व्यक्ति स्वस्थ न हो जाए, तब तक यह प्रयास निरंतर जारी रहेगा।



### स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण का हुआ शुभारंभ

**करनाल।** जिला परिषद सभागार में सोमवार को स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण 2025 के शुभारंभ के अवसर पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी गौरव कुमार ने की। उन्होंने बताया कि इस अभियान के तहत 30 से 40 गांवों का चयन कर सार्वजनिक स्थलों की स्वच्छता का मूल्यांकन किया जाएगा, जिससे राष्ट्रीय स्तर पर जिलों की रैंकिंग तय की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक गांव में शौचालयों की स्थिति, अपशिष्ट प्रबंधन, ग्रे वॉटर ट्रीटमेंट व रेन वाटर हार्वेस्टिंग जैसे बिंदुओं पर सघन कार्य हो। कार्यशाला में डिप्टी सीईओ रोजी, बीडीपीओ गुरमलख सिंह, मोनिका, जिला शिक्षा अधिकारी सुदेश ठुकराल, डीपीओ सीमा प्रसाद, ब्लॉक कोऑर्डिनेटर सहित कई अधिकारी उपस्थित रहे।

### जेएनवी सग्गा में कक्षा 6वीं में प्रवेश आवेदन आमंत्रित

करनाल। पी.एम. श्री जवाहर नवोदय विद्यालय, सग्गा के प्राचार्य अजीत कुमार ने जानकारी दी है कि शैक्षणिक सत्र 2026 के लिए कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन मांगे गए हैं। इच्छुक छात्र 29 जुलाई तक आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि आवेदन करने वाले छात्र की जन्मतिथि 1 मई 2014 से 31 जुलाई 2016 के बीच होनी चाहिए और वर्तमान में वह कक्षा 5 में अध्ययनरत हो। साथ ही, वह करनाल जिले का स्थानीय निवासी होना चाहिए। अधिक जानकारी के लिए विद्यालय के कार्यालय से संपर्क किया जा सकता है।

## जम्मू-कश्मीर से धारा 370 हटना डाक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान का ही परिणाम हैः कपूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नीलोखेड़ी/तरावड़ी

भारतीय जनसंघ के संस्थापक अध्यक्ष डाक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर महिला मोर्चा की सदस्यों द्वारा तथा भाजपा की विचारधारा के कार्यकर्ताओं ने विभिन्न स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित कर श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। महिला मोर्चा के पदाधिकारियों द्वारा आयोजित कार्यक्रम में भाजपा के वरिष्ठ नेता शिव नाथ कपूर ने डाक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी को एक राष्ट्रपुरुष बताते हुए कहा कि जम्मू-कश्मीर आज यदि भारत का अभिन्न अंग है तो वह अमर शहीद मुखर्जी जी की बदौलत है।शिव नाथ कपूर ने बताया कि भारत की स्वतन्त्रता के उपरांत जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा प्राप्त था जहां दो प्रधान, दो निशान एवं दो विधान थे तथा इस प्रदेश में जाने के लिए अन्य भारतीयों को परमिट लेना पडता था जिसके विरोधस्वरूप एक आंदोलन किया तथा आंदोलन के दौरान गिरफ्तार होने के कुछ दिनों बाद ही संदिग्ध परिस्थितियों में श्यामा प्रसाद जी की मौत हो गई। जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा प्रदान करने वाली धारा 370 को निरस्त करने का काम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कर एक भारत-श्रेष्ठ भारत का असाधारण कार्य किया जिसका अभियान मुखर्जी जी ने छेड़ा था श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनके प्रति भाजपा कार्यकर्ताओं ने उन्हें अमर शहीद बताया।इस अवसर पर शिव नाथ कपूर सहित भाजपा के मंडल महामंत्री चमेल सिंह, बलजिंदर कालडा, शरणजीत कौर,आशा रानी,ऊषा देवी सहित काफी संख्या में महिलाएं उपस्थित थी।इस बीच चमेल सिंह ने बताया कि नगर के विभिन्न बूथों पर भी श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस मनाया गया जिसमें पालिकाध्यक्ष के साथ अनेक पार्षद तथा केवल कृष्ण, कपिल बक्शी,राजेश शर्मा आदि रहे।



तरावड़ी। डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

## हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने सुनी लोगों की समस्याएं, मौके पर किया समाधान

- कल्याण बोले मेरी पहली प्राथमिकता मौके पर हो लोगों की समस्याओं का समाधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घरौंडा

हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने आज घरौंडा में लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह में हलके के लोगों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को जल्द से जल्द निवारण के निर्देश दिए। इसके साथ-साथ कुछ समस्याओं का मौके पर भी समाधान किया।

हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने सोमवार सुबह ढाई घंटे से अधिक समय तक लोगों की सामूहिक एवं व्यक्तिगत समस्याएं सुनीं। बड़ी संख्या में लोग विभिन्न प्रकार की समस्याएं लेकर पहुंचे थे। विधानसभा अध्यक्ष ने हर समस्या को गंभीरता से सुना और उनके निपटारे के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। घरौंडा के कुछ लोगों ने राष्ट्रीय राजमार्ग से रेस्ट हाउस को जोड़ने वाले कट को चौड़ा करने की मांग की ताकि हादसे का अंदेशा खत्म हो। अनाज मंडी में किसानों और जनता के लिए शौचालय बनवाने की मांग भी विधानसभा अध्यक्ष के सम्मुख रखी गई। गांव वजीदा के लोगों ने सडक़ पर जमा होने वाले पानी की समस्या के समाधान के लिए पीडब्ल्यूडी की सडक़ के साथ नाला बनवाने, कम्युनिटी हाल बनवाने, पनौड़ी-जमालपुर सडक़ पर नाला बनवाने और अमृतपुर के सैनी मोहल्ले में कम्युनिटी सेंटर बनवाने की भी मांग की। इसके अलावा लोगों ने कर्ण विहार गली नंबर 5 में बिजली की पुरानी तारों को बदलवाने की मांग रखी। इन तारों के कारण हर समय हादसे की आशंका रहती है। विकास नगर फूसगढ़ रोड गली नंबर 9 में बिजली की तारे डलवाने की भी मांग रखी गई। हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने कहा कि क्षेत्र वासियों की समस्याओं का समाधान करना, उनकी पहली प्राथमिकता है। जो भी व्यक्ति समस्या लेकर आता है, उनका पूरा प्रयास रहता है कि इनका समय पर समाधान करवाया जाए।



घरौंडा। लोगों की समस्याएं सुनते विधानसभाध्यक्ष हरविंद्र कल्याण।



इंद्री। इंद्री स्थित सिंचाई विभाग के विश्राम गृह में लोगों की समस्याएं सुनते विधायक रामकुमार कश्यप ।

## विधायक कश्यप ने हलके के लोगों की सुनी समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इंद्री

विधायक और गवर्नमेंट चीफ व्हिप रामकुमार कश्यप ने सिंचाई विभाग के विश्राम गृह में जनसुनवाई कार्यक्रम में जनता की समस्याएं सुनी तथा अधिकारियों को इन समस्याओं के जल्द समाधान के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि लोगों की समस्याओं के समाधान में किसी भी तरह की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। विधायक राम कुमार कश्यप ने कहा कि हर सोमवार को आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में हलके के लोग बड़ी संख्या में अपनी समस्याएं और शिकायतें लेकर आते हैं। उनका यही प्रयास रहता है कि लोगों की समस्याओं का जल्द समाधान हो,जिससे उन्हें सरकार द्वारा चलाई जा रही सुविधाओं का लाभ मिल सके। उन्होंने आमजन से अपील की कि जिस गांव में कोई समस्या हो, उसे तुरंत उनके संज्ञान में लाया जाए ताकि उसका त्वरित समाधान हो सके। इस दौरान विधायक के समक्ष बिजली, पानी व पेंशन बनवाने आदि समस्याएं आई ।

विधायक रामकुमार कश्यप ने कहा कि प्रदेश में भाजपा की तीसरी बार सरकार बनने के बाद विकास कार्यों को बढ़ावा देने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में वर्तमान सरकार का यही प्रयास है कि विकास के मामले में प्रदेश का कोई भी क्षेत्र अछूता न रहे। भाजपा ने जनता से जो वादे किए हैं, उन्हें पूरा किया जा रहा है । उन्होंने कहा कि जितने अधिक विकास कार्य होंगे, उतना ही लाभ आमजन को मिलेगा। जनसुनवाई कार्यक्रम में विधायक ने कहा कि हमारा पर्यावरण लगातार दूषित हो रहा है, इसलिए पर्यावरण को शुद्ध और स्वच्छ बनाए रखने में पेड़ों की अहम भूमिका है। उन्होंने सभी से अधिक से अधिक पेड़ लगाने का आह्वान किया।

## कश्मीर जैसे अहम मुद्दे को राष्ट्रहित में उठायाः भगवान दास

- भाजपाइयों ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को श्रद्धांजलि अर्पित की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी

आज शहर में आयोजित कार्यक्रम में नीलोखेड़ी विधायक भगवानदास कबीरपंथी एवं भाजपा कार्यकर्ताओं ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर सभी कार्यकर्ताओं ने डॉ. मुखर्जी के राष्ट्र हितकारी विचारों को जीवन में शामिल करने का संकल्प लिया। इस मौके पर विधायक कबीरपंथी ने कहा कि डॉ. मुखर्जी की कश्मीर नीति और एक देश, एक निशान, एक विधान की सोच को रेखांकित करते हुए कहा कि आज भी उनका यह दृष्टिकोण देश की अखंडता और एकता के लिए प्रासंगिक है। उन्होंने कहा कि देश में एक ही संविधान और एक ही झंडा होना चाहिए। जिस तरह डॉ. मुखर्जी ने कश्मीर जैसे अहम मुद्दे को राष्ट्रहित में उठाया था, उसी तरह आज के कार्यकर्ताओं को आम जनमानस से जुड़े मुद्दों को सतर्कता और जिम्मेदारी से उठाना चाहिए। विधायक ने कहा कि डॉ. मुखर्जी ने देश की एकता और अखंडता के लिए अपने प्राणों का बलिदान दिया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष शिवम बंसल, एडवोकेट नवदीप चौधरी, रणदीप भारद्वाज, संजय सेन, रामकुमार गुप्ता मुख्य रूप से मौजूद रहे।



तरावड़ी। डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुये विधायक भगवान दास कबीरपंथी। फोटो :हरिभूमि



### योग शिविर के समापन पर विधायक ने बांटे पौधे

**तरावड़ी।** भारत विकास परिषद शाखा तरावड़ी की तरफ से शहर के अंजनथली रोड पर एक निजी पार्क में आयोजित तीन दिवसीय योग शिविर का समापन हुआ। समापन अवसर पर विधायक भगवानदास कबीरपंथी, नगरपालिका तरावड़ी के चेयरमैन वीरेंद्र बंसल समेत कई गणमान्य लोगों ने विशेष तौर पर शिरकत की। योग के मुख्य शिक्षक दिनेश गुलाटी व मनोज कामरा ने योग के गुर सिखाए। काफी संख्या में पहुँचे साधकों के साथ विधायक भगवानदास कबीरपंथी, चेयरमैन वीरेंद्र बंसल, अध्यक्ष योगेश मिड्डा समेत कई गणमान्य लोगों ने करीब एक घँटे तक योग की क्रियाओं का अभ्यास किया।

## हरियाणा ओलंपिक संघ के अध्यक्ष कैप्टन जसविंदर ने खिलाड़ियों को किया संबोधित

# ओलंपिक दिवस पर कयाकिंग-कैनोइंग का किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक दिवस के उपलक्ष्य में सोमवार को काछवा रोड स्थित भाखड़ा नहर पर विशेष आयोजन हुआ, जिसमें कयाकिंग एवं कैनोइंग के खिलाड़ियों ने अभ्यास कर खेल भावना का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का आयोजन हरियाणा ओलंपिक संघ के सहयोग से किया गया, जिसमें जिलेभर से लगभग 400 खिलाड़ी, कोच और खेल जगत के सदस्य उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि के रूप में हरियाणा ओलंपिक संघ के अध्यक्ष कैप्टन जसविंदर मीनू बेनीवाल ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश में खेल सुविधाओं का लगातार विस्तार किया जा रहा है, जिससे खिलाड़ियों को अंतर्राष्ट्रीय स्तर की सुविधाएं मिल रही हैं। उन्होंने कहा कि खेल केवल शारीरिक बल ही नहीं, बल्कि अनुशासन, एकजुटता और लक्ष्य प्राप्ति की प्रेरणा भी देते हैं। हरियाणा सरकार न केवल खिलाड़ियों को पुरस्कार देती है बल्कि उन्हें सरकारी नौकरियों में भी स्थान देती है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में अब किसी भी खिलाड़ी को खेल सामग्री की कमी महसूस नहीं होने दी जाएगी। कैप्टन मीनू बेनीवाल ने कहा कि कयाकिंग एवं कैनोइंग जैसे जलक्रीड़ा खेलों में कठिनाई ज्यादा होती है, लेकिन यहां के खिलाड़ियों की मेहनत और जुनून सराहनीय है। संघ इन खेलों को बढ़ावा देने के लिए हर संभव प्रयास करेगा और ग्रामीण स्तर पर भी खेल सुविधाओं को विकसित किया जाएगा। कार्यक्रम में भीम पुरस्कार विजेता कोच रविंद्र और बिजेंद्र ने मुख्य अतिथियों का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। कार्यक्रम का समन्वय संघ सदस्यों मंजीत सिंह, सन्नी ढुल, रक्षित तुशीर एवं रोहित पुंडीर ने किया। खिलाड़ियों ने विभिन्न गतिविधियों और प्रदर्शन के माध्यम से अपनी प्रतिभा का परिचय दिया।





### प्रेरित किया

इस अवसर पर जिला बार एसोसिएशन के पूर्व प्रधान एडवोकेट जंगबहादुर सिंह चौहान ने कहा कि खेल युवाओं के जीवन को दिशा देते हैं। कड़ी मेहनत, अनुशासन और समर्पण से ही अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सफलता प्राप्त की जा सकती है। उन्होंने खिलाड़ियों को ओलंपिक मूल्यों को आत्मसात करने की प्रेरणा दी।

### तीन का मौके पर समाधान, सात को अगली बैठक के लिए रखा लंबित

# मंत्री कृष्ण बेदी कॉलोनी डेवलपर पर दिखे सख्त, दिए कड़ी कार्यवाही के निर्देश कहा यदि अगली बैठक में मालिक नहीं आये तो दर्ज होगी एफआईआर

- जरूरतमंद को न्याय दिलवाना सरकार की प्राथमिकता : कृष्ण कुमार बेदी
- शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने कहा लीपा पोती नहीं चलेगी, जनता को काम चाहिए
- उपायुक्त ने मंत्री को दिया हर शिकायत पर गंभीरता से संज्ञान लेने का आश्वासन





पानीपत। जिला सचिवालय सभागार में जिला कष्टां निवारण समिति की बैठक में शिकायतकत सुनते मंत्री। व जिला सचिवालय सभागार में जिला कष्टां निवारण समिति की बैठक में मंत्री कृष्ण कुमार बेदी व शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा मंचासीन।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

सामाजिक न्याय सशक्तिकरण अनुसूचित जाति और पिछड़ा वर्ग कल्याण तथा अंत्योदय (सेवा) मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने सोमवार को जिला सचिवालय सभागार में जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक में शिकायतकर्ताओं से सम्बंधित 10 शिकायतों के एजैण्डे पर सुनवाई करते हुए कहा कि प्रशासन को गंभीरता से कार्य करना चाहिए। यह उसकी बड़ी जिम्मेदारी है। सरकार जरूरतमंद के साथ न्याय कर रही है। किसी के साथ भी अन्याय ना हो इसको लेकर बहुत एहतियात बरती जा रही है। उन्होंने चेताया कि शोषण करने वालों पर सख्त कार्यवाही होगी। हर व्यक्ति को न्याय मिलेगा। उन्होंने कष्ट निवारण समिति की इस बैठक में 3 शिकायतकर्ताओं की शिकायतों का अधिकारियों के सहयोग से मौके पर समाधान किया व शेष अन्य 7 समस्याओं को गम्भीरतापूर्वक सुनवाई करने के बाद अगली बैठक के लिए लम्बित रख लिया।

जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक में पहली शिकायत राकेश बंसल द्वारा दी गई जो टीडीआई सिटी से सम्बंधित थी। टीडीआई निवासियों ने मूलभूत सुविधाएं सडक़, सुरक्षा, सफाई, पानी की सुविधा ना मिलने की बात मंत्री के समक्ष रखी व बताया कि विभाग द्वारा बिजली के कनैक्शन भी नही दिए गए। सड़कों के नाम पर गहरे गढ्ढे हैं। सफाई की कोई व्यवस्था नहीं है। इस पर मंत्री ने टीडीआई के अधिकारियों पर फटकार लगाई व शिकायत को अगली बैठक के लिए लम्बित रख लिया गया। मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने कॉलोनी डेवलपरों के प्रतितिनिधियों को सख्त लहजे में कहा की कॉलोनीयों में सभी जरूरी मुलभुत सुविधा देनी होंगी। उन्होंने निर्देश दिए की अगली बैठक में कॉलोनियों के मालिक को आना होगा। यदि बैठक में कॉलोनी मालिक नहीं आते है तो उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज की जायेगी। शिकायत न.2 रणधीर सिंह वासी नई अनाज मण्डी समालखा द्वारा दी गई। यह शिकायत बैंक से सम्बंधित थी। इस पर गम्भीरता से कार्यवाही करने के निर्देश दिए गये। इसे आगामी बैठक तक लम्बित रखा गया। शिकायत नम्बर 3 में शिकायतकर्ता पवन कुमार ने अंसल सिटी पानीपत के बीपीएल फ्लेटों में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने की बात कही। उन्होंने फ्लैटों तक पहुंचने वाली स्ट्रीट लाइट, सीवर लाइन के अभाव के बारे में बताया। मंत्री ने सम्बंधित विभाग को संज्ञान लेने के निर्देश दिए व इसे अगली बैठक तक इसे भी लम्बित रखा। इस पर शिक्षा मंत्री ने कहा कि अधिकारी बहाने बना रहे हैं वे काम नहीं करना चाहते। उन्होंने कहा कि यदि कार्य में देरी हो रही है तो इसके लिए वे स्वयं जिम्मेदार है। शिकायत न.4 शिकायतकर्ता रविन्द्र सिंह वासी झटीपुर ने की थी। यह शिकायत पिछली बैठक की लम्बित शिकायत थी। इसे भी सुनवाई के बाद अगली बैठक तक लम्बित रखा गया। शिकायत न.5 शिकायतकर्ता महेन्द्र सिंह वासी गांव अलीपुर खालसा ने की थी। यह शिकायत भी पिछली बैठक की लम्बित शिकायत थी। जमीन से जुड़ी यह शिकायत हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण से सम्बंधित थी। इसे भी सुनवाई के बाद अगली बैठक तक लम्बित रखा गया। वहीं शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने कहा कि सरकार का ध्येय तमाम समस्याओं का समाधान करना है। इसमें किसी भी तरह से अधिकारी कौताही ना बरतें। उन्होनें शिकायतकर्ताओं द्वारा दी गई शिकायतों पर संज्ञान लेने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को कहा कि काम को लेकर किसी तरह की लीपा पोती नहीं चलेगी जनता को काम चाहिए। उपायुक्त डॉ. विरेन्द्र कुमार दहिया ने जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक में मंत्री को अवगत करवाया कि जो भी समस्याएं आती हैं उन पर संज्ञान लिया जाता है। प्रशासनिक अधिकारी गम्भीरता से कार्य कर रहे हैं। उन्होंने आश्वस्त किया कि भविष्य में समस्याओं की गम्भीरता को देखते हुए उन पर कार्यवाही की जाएगी। इस मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट, मेयर कोमल सैनी, पुलिस अधीक्षक भूपेन्द्र सिंह, जिला कष्टां निवारण समिति के सदस्य व अधिकारी मौजूद रहे।

#### प्रशासनिक अधिकारी गम्भीरता से कार्य करें

उन्होनें शिकायतकर्ताओं द्वारा दी गई शिकायतों पर संज्ञान लेने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को कहा कि काम को लेकर किसी तरह की लीपा पोती नहीं चलेगी जनता को काम चाहिए। उपायुक्त डॉ. विरेन्द्र कुमार दहिया ने जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक में मंत्री को अवगत करवाया कि जो भी समस्याएं आती हैं उन पर संज्ञान लिया जाता है। प्रशासनिक अधिकारी गम्भीरता से कार्य कर रहे हैं। आश्वस्त किया कि भविष्य में समस्याओं की गम्भीरता को देखते हुए उन पर कार्यवाही की जाएगी। इस मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्‌ट, मेयर कोमल सैनी, पुलिस अधीक्षक भूपेन्द्र सिंह, जिला कष्ट निवारण समिति के सदस्य व अधिकारी मौजूद रहे।

#### जनसमस्याओं को लेकर गंभीर

उपायुक्त डॉ. विरेन्द्र कुमार दहिया ने मंत्री को आश्वस्त किया कि वे जनसमस्याओं को लेकर प्रारम्भ से ही गम्भीर है व उनके इस दिशा में हमेशा सार्थक प्रयास रहे हैं। कष्ट निवारण समिति की बैठक में पहुंचे शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने भी जनता की समस्याओं के समाधान को लेकर प्रशासनिक अधिकारियों को तत्परता से कार्यवाही करने के निर्देश दिए व ज्यादातर समस्याओं को गम्भीरता से सुना व अधिकारियों को इन समस्याओं के प्रति और गम्भीरता से कार्य करने के लिए कहा।

### खबर संक्षेप

#### नशा मुक्त भारत पखवाड़ा के तहत ई-शपथ दिलाई

**पानीपत।** जीटी रोड स्थित आईबी कालेज में प्राचार्या डा. शशि प्रभा मलिक के नेतृत्व में विद्यार्थियों एवं स्टाफ सदस्यों को नशा मुक्त भारत पखवाड़ा के तहत ई-शपथ दिलाई गई। इस अभियान का उद्देश्य युवाओं में नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता फैलाना और नशामुक्त समाज की दिशा में जनभागीदारी को प्रोत्साहित करना है। ई शपथ कार्यक्रम में छात्रों ने ऑनलाइन लिंक के माध्यम से शपथ ली कि वे स्वयं नशे से दूर रहेंगे। प्राचार्या ने कहा कि युवा शक्ति ही देश का भविष्य है और उन्हें नशे जैसी बुराई से दूर रहकर राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान देना चाहिए।

#### सरकार बिजली दरों में की बढ़ोतरी को वापस लें: पंवार

**पानीपत।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता डा.ओमवीर सिंह पंवार ने भाजपा की नायब सैनी सरकार पर हरियाणा सरकार द्वारा बिजली दरों में की गई बढ़ोत्तरी पर निशाना



साधते हुये कहा कि हरियाणा की भाजपा सरकार ने बिजली दरो में चुपचाप बढ़ोतरी के माध्यम से जनता को लुटने कार्य किया है। डा. पंवार कहा कि सरकार ने एक ही झटके में बिजली दरों को 4 गुना महंगा कर दिया है । डा. ओमवीर सिंह पंवार ने कहा कि बिजली दरें महंगी होने के चलते लोगो को भारी भरकम बिल मिलने शुरू हो गये है। कांग्रेस नेता डा.ओमवीर सिंह पंवार ने कहा कि बिजली बढ़ोत्तरी दरो को भाजपा सरकार तुरन्त प्रभाव से वापस लेने की मांग की है।



रिफाइनरी के नेफ्था क्रैकर में ऑन–साइट आपदा ड्रिल का अभ्यास करते कर्मचारी।

## पानीपत रिफाइनरी के नेफ्था क्रैकर में ऑन-साइट आपदा ड्रिल का किया आयोजन

**पानीपत।** पानीपत रिफाइनरी एवं पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स द्वारा आग एवं गैस जैसे खतरे से निपटने के लिए पानीपत नेफ्था क्रैकर में विभिन्न विभागों के द्वारा ईथीलीन रिसाव और आग के खतरे से निपटने की तैयारियों के सही आकलन करने के लिए एक ऑनसाइट आपदा ड्रिल का सफलतापूर्वक आयोजन किया। ड्रिल के परिदृश्य में फिल्टर के फ्लैंज से ईथीलीन रिसाव तथा आग लगना दर्शाया गया। रात्रि 23.11 बजे एमईजी से ईथीलीन रिसाव की सूचना प्राप्त हुई। ईथीलीन रिसाव की सूचना मिलते ही फायर स्टेशन से दमकल गाडियां तुरंत साइट पर पहुंचीं और ईथीलीन रिसाव पर काबू पाने के लिए श्वास यंत्र पहनकर वाटर स्प्रे के माध्यम से आपातकालीन नियंत्रण कार्य शुरू किया गया। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए 23.21 बजे अग्नि एवं सुरक्षा प्रभारी ने क्रैकर शिफ्ट मैनेजर से चर्चा करके आपातकालीन सायरन एल.1 बजाने का आदेश दिया। 23.29 बजे प्रोपलीन रिसाव तेजी से बढने लगा। इस दौरान पास के एक अज्ञात स्रोत से ईथीलीन गैस प्रज्वलित हो गई जिससे आस-पास के क्षेत्र में विस्फोट हुआ और कई जगह आग लग गई। रिसाव व आग की इस गंभीर स्थिति को देखते हुए सुधांशु शेखर, मुख्य महाप्रबंधक पीएनसी ने एमएल डहरियाए कार्यकारी निदेशक एवं रिफाइनरी प्रमुख से संपर्क किया।

*खेल हमे नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करते है*

## आईटीआई में विद्यार्थियों को नशे के खिलाफ किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| समालखा

पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह के मार्गदर्शन में नशा मुक्त भारत पखवाड़ा अभियान के तहत पुलिस ने आज को समालखा स्थित आईटीआई में विद्यार्थियों को नशे के दुष्परिणामों की जानकारी देकर जागरूक किया। पुलिस टीम ने विद्यार्थियों को नशे के दुष्परिणामों के बारे में बताया कि नशे से मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है, साथ ही यह भविष्य को भी खतरे में डालता है। नशे की लत न केवल व्यक्तिगत जीवन को प्रभावित करती है, बल्कि यह परिवार और समाज के लिए गंभीर समस्या उत्पन्न करती हैं। विद्यार्थियों को बताया कि जीवन में किसी लक्ष्य को प्राप्त करना है तो हमें नशे से दूर रहना होगा। नशे से दूर रहेंगे तो जीवन में हर वह लक्ष्य पा सकते हैं जिसकी हम कल्पना करते हैं। युवाओं को नशे की गर्त से बचाने के लिए हरियाण पुलिस लगातार प्रयासरत है। विद्यार्थी नशे से दूर रहकर पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में हिस्सा लेकर जीवन को सवारें। खेल हमे नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करते है। समाज के अन्य लोगों को भी नशे से दूर रहने बारें प्रेरित करें। जिला व गांव को नशा मुक्त करने में पुलिस का सहयोग करें। वहीं विद्यार्थियों को नशे के दुष्परिणामों की जानकरी देकर जीवन में नशा न करने की शपथ भी दिलाई। नशा मुक्त अभियान के जिला में नोडल अधिकारी उप पुलिस अधीक्षक नरेंद्र सिंह ने बताया कि हरियाणा पुलिस प्रदेश में 26 जून तक नशे के खिलाफ नशा मुक्त भारत पखवाड़ा अभियान चलाया जायेगा।





समालखा । आईटीआई में विद्यार्थियों को नशे के खिलाफ शपथ दिलाते हुए।

## समाधान शिविर में 27 समस्याएं पहुंचीं

- निगम संयुक्त आयुक्त ने अधिकारियों को दिए समाधान करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत




पानीपत। समाधान शिविर में अधिकारी जनता की समास्या सुनते हुए। फोटो :हरिभूमि

जिला सचिवालय में जनता समाधान शिविर में जनसमस्याओं की सुनवाई करते हुए निगम के संयुक्त आयुक्त डॉ. संजय ने कहा कि अधिकारी समाधान शिविर में आ रही समस्याओं को लेकर और गंभीरता से कार्य करें। लोगों की परेशानियों का समाधान करना हमारी डयूटी का बड़ा हिस्सा है। हमें इसमें किसी भी प्रकार की देरी नही करनी चाहिए। समाधान शिविर में जनसमस्याओं की सुनवाई करते हुए नगराधीश टिनू पोशवाल ने कहा कि समाधान शिविर में धीरे-धीरे समस्याओं को लेकर पहुंचने वाले नागरिकों की संख्या में कमी आ रही है। जनता समाधान शिविर में विभिन्न विभागों से जुड़ी 27 समस्याएं पहुंची जिनका निगम संयुक्त आयुक्त ने अधिकारियों को समाधान करने के निर्देश दिए। इन समस्याओं मं ज्यादातर फैमली आई डी से जुड़ी समस्याएं थी। इस मौके पर जनस्वास्थ्य विभाग के कार्यकारी अभियंता कर्ण बहल, डिप्टी सीएमओ दिव्या साहनी, जिला खनन अधिकारी निरंजन सिंह, डीईएमओ महावीर सिंह, डीपीओ परमिन्द्र कौर, डॉ. अशोक लौहान आदि मौजूद रहे।

## बाबा बर्फानी की यात्रा के लिए भंडारा सामग्री के 2 ट्रक रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

बाबा बर्फानी की यात्रा के लिए भंडारे को लेकर आज श्री महादेव अमरनाथ सेवा समिति द्वारा मुल्तान भवन में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत हवन-यज्ञ एवं भंडारा कर ट्रकों को रवाना किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महामंडलेश्वर अरुण दास जी ने की एवं ट्रकों को विधि विधान के साथ समिति के चेयरमैन विजय जैन ने पूजा अर्चना कर रवाना किया। समिति के प्रधान दिलावर खर्ब एडवोकेट ने बताया कि नागाकोटी कश्मीर में भंडारा,सेल्फी प्वाइंट एवं अन्य सुविधाएं श्रद्धालुओं को मिलेगी। वहीं आज पानीपत की



समस्त जनता और उद्योगपतियों के सहयोग से भंडारे के लिए राशन सामग्री से भरे 2 ट्रकों को आज रवाना किया गया। संस्था के प्रधान दिलावर सिंह खर्ब ने पानीपत के लोगो से आह्वान किया कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में भंडारे में पहुंचे। इस मौके पर संस्था के चेयरमैन विजय जैन, वाइस चेयरमैन कृष्ण चंद बंसल, पुरूषोतम गोयल, अशोक सलूजा,प्रधान दिलावर सिंह खर्ब, महासचिव विशाल धवन, सचिव दीपांश आदि मौजूद रहे।

### खबर संक्षेप

#### योग हमें शारीरिक व मानसिक रूप से सशक्त बनाता है



**पानीपत।** पानीपत रिफाइनरी एवं पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस ,एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग थीम पर मनाया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एमएल डहरिया कार्यकारी निदेशक एवं रिफाइनरी प्रमुख, चूरामन कार्यकारी निदेशक परियोजना पीआरपीसीए मुख्य महाप्रबंधकगण तथा महाप्रबंधकगण व कर्मचारी संघ एवं अधिकारी एसोसिएशन के प्रतिनिधिगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बिहार योग स्कूल, मुंगेर बिहार से प्रशिक्षित अनुदेशक मानिषा कुमारी के मार्गदर्शन में प्रतिभागियों को विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास कराया गया तथा उनके लाभों के बारे में विस्तार से बताया गया। श्री एमएल डहरिया ने कहा कि योग हमें शारीरिक व मानसिक रूप से सशक्त बनाता है, इसलिए हमें प्रतिदिन योगाभ्यास करना चाहिए। उन्होंने समाज में योग के प्रति जागरूकता बढ़ाने पर जोर देते हुए सभी को नियमित रूप से योग करने के लिए प्रोत्साहित किया। श्री डहरिया ने उल्लेख किया कि योग आत्म साक्षात्कार का महत्वपूर्ण साधन है, जो हमारे श्वास, ध्यान और नैतिक मूल्यों को एक साथ जोड़ता है।

#### श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर लगाया भंडारा



**पानीपत।** आज भाजपा दक्षिणी मंडल अध्यक्ष चेतन तनेजा के नेतृत्व में भारतीय जनसंघ के संस्थापक राष्ट्रवादी एवं महान शिक्षाविद डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी की पुण्यतिथि पर भंडारा लगाकर पुष्प अर्पित कर श्यामा प्रसाद मुखर्जी को याद किया। जिसमें मुख्य वक्ता भाजपा नेता नवीन भाटिया रहे। श्री भाटिया ने डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को उनके बलिदान दिवस पर कोटि-कोटि नमन किया। उन्होंने देश की अखंडता को अक्षुण्ण रखने के लिए अतुलनीय साहस और पुरुषार्थ का परिचय दिया। राष्ट्र निर्माण में उनका अमूल्य योगदान हमेशा श्रद्धापूर्वक याद किया जाएगा। भाजपा नेता विजय सहगल ने कहा कि भारत के राजनीतिक इतिहास में कुछ घटनाएं ऐसी हैं, जो सालों बाद भी रहस्य बनी रहती हैं। देश के पहले मंत्रिमंडल के सदस्य, जनसंघ के संस्थापक और प्रखर राष्ट्रवादी नेता रहे। डा. मुखर्जी की मौत 23 जून 1953 को जम्मू-कश्मीर की हिरासत में हुई थी। इस अवसर पर पार्षद अमित नारंग, कमल गोस्वामी, अरुण, निशा बंसल, सोनम गुप्ता,रोहतास देसवाल, डिंपी, हिमांशु शर्मा ,संदीप मलिक, गोपाल तायल, विशाल गोस्वामी,मयूर सैनी, हिमांशु विरमानी, सुमित विरमानी, दीपक कोली, रविंद मंडल, महेंद्र कत्याल, रेनू मितल, अमन चुघ, दीपक आदि मौजूद रहे।

#### लेफ्टिनेंट के पद पर चयनित कृष कुमार को किया सम्मानित



**पानीपत।** पूर्व सैनिक कल्याण सोसाइटी ने भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट के पद पर चयनित हुए कृष कुमार को सम्मानित किया। सोसाइटी के प्रधान सतपाल सिंह काजल, उप प्रधान कैप्टन धर्मबीर गहलोत, कमांडो रविंद्र सिंह व कैप्टन ओमपाल आदि ने कहा कि हमारे लिये गौरव की बात है कि हमारे क्षेत्र के बेटे कृष कुमार का सेना में लेफ्टिनेंट के पद पर चयन हुआ है। कृष कुमार आज रात को आर्मी की ट्रेनिंग के लिये पुणा के लिये रवाना होगा। सोसाइटी पदाधिकारियों ने कृष कुमार को ट्राफी व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। कृष कुमार ने कहा की बचपन से ही उसका आर्मी में भर्ती होकर देश की सेवा करने का सपना था। इस अवसर पर कृष कुमार के नाना डा. महाबीर दहिया, चांद दहिया, नानी राजवंती देवी, सुनिता राणा, डा. राज मोर, संजीव शर्मा, माता सरिता देवी, मौसी पूनम रानी, मामा मोहित राणा, अरूण राणा, सुमन राणा, आयुष बिंझौल, इशांत धौंचक, कियांश व चिराग मौजूद रहे।

#### डा. श्यामा प्रसाद के सिद्धांतों पर काम कर रही सरकार

**पानीपत।** नगर निगम मेयर कोमल सैनी ने भारतीय जनसंघ के संस्थापक डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर तहसील कैंप में मंडल अध्यक्ष विनय अरोड़ा के निवास पर मंडल के कार्यकर्ताओं के साथ पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया गया। डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी ने जनसंघ की स्थापना कर राष्ट्रवाद की जिस मशाल को प्रज्वलित किया आज वही मशाल भाजपा को 14 करोड़ परिवारों का विश्वास और समर्थन दिलाने वाली शक्ति बन चुकी है। सरकारडा. श्यामा प्रसाद के सिद्धांतों पर काम कर रही। एक देश-एक विधान-एक निशान का जो सिद्धांत उन्होंने दिया उसी आदर्श को लेकर आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 11 वर्षों के सफल, प्रभावी और राष्ट्रनिष्ठ नेतृत्व में विकसित भारत के निर्माण की ओर अग्रसर है। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष विनय अरोड़ा, पूर्व मंडल अध्यक्ष हरीश कटारिया, आशु नंदा, चमन लाल कपूर, धर्मपाल चोपड़ा, वीरेन्द्र अनेजा आदि मौजूद रहे।

#### इग्नू में जुलाई 2025 सत्र में दाखिले के लिए डीईबी आईडी जरूरी: डॉ. धर्मपाल

**पानीपत।** इग्नू के क्षेत्रीय निदेशक डॉ. धर्म पाल ने बताया की इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू), शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार में जुलाई 2025 सत्र के लिए दाखिला प्रक्रिया शुरू कर दी है। इग्नू का उद्देश्य विद्यार्थियों का ज्ञान वर्धन करके उनके लिए उत्थान के समान अवसर उपलब्ध करवाना है द्व इग्नू रिमोट एरिया, गांव देहात के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा पहुंचाने का कार्य कर रही है। दाखिला प्रक्रिया में उम्मीदवार द्वारा दर्ज किया गया नाम और अन्य विवरण शैक्षिक दस्तावेजों के सामान होना चाहिए। इच्छुक छात्रों से अनुरोध है की केवल अपनी रजिस्टर्ड ईमेल आईडी का उपयोग करके ही पोर्टल पर लॉगिन करें।

### शहर में ट्रेफिक पुलिस द्वारा अंधाधुंध चालान किए जा रहे

*पुलिस सुरक्षा दृष्टि से अपना चेकिंग अभियान चला रही*

## शहर में चालान प्रकिया को लेकर डीएसपी से मिले सरपंच एसोसिशन सदस्य

- दोनों ट्रैफिक इंचार्ज को बुलाकर हिदायत दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| समालखा

शहर में दुकानों के आगे खड़े वाहनों के चालान काटने पर विभिन्न गावों के सरपंच भड़क कर विरोध किया। जिसको लेकर आज सरपंच एसोसिएशन के सदस्य डीएसपी नरेंद्र कादियान से मिलकर शहर में कानून व्यवस्था बनाएं रखने, गलत चालान न करने, सरपंचो की गाड़ी का चालान न करने, उनका मान सम्मान बनाए रखने की मांग की। वहीं गांव छदिया सरपंच के प्रतिनिधि पति रमेश शर्मा ने बताया कि बाजार में सामान खरीदने के लिए गए हुए थे। जहां पुलिस ने नाजायज तरीके से चालान कर दिया। जिसको लेकर पुलिस कार्रवाई पर रोष प्रकट करते हुए डीएसपी से न्याय की गुहार लगाई। इसी कड़ी में लेकर सरपंच चैनपाल नें बताया कि शहर में ट्रेफिक पुलिस द्वारा अंधाधुंध चालान किए जा रहें हैं। जिसमें प्रतिष्ठित व्यक्ति को राहत दी जा रही है। जिसको लेकर सोमवार को डीएसपी कार्यालय में पहुंचे थे। जहां डीएसपी नरेंद्र कादियान के समक्ष अपनी मांगे रखी। जिस पर डीएसपी नें आश्वासन दिया कि ट्रैफिक नियमों को तोड़ने वालों के खिलाफ चालान किए जाएंगे। सभी ट्रेफिक नियमों का पालन करें।

साथ ही मौके पर दोनों ट्रैफिक इंचार्ज को बुलाकर हिदायत दी। डीएसपी नरेंद्र कादियान नें बताया कि पुलिस सुरक्षा दृष्टि से अपना चेकिंग अभियान चला रही है। जनता को इसमें सहयोग करना चाहिए ताकि कोई आपराधिक घटना ना हो। पुलिस ने उन वाहनों के चालान काटे हैं जिन वाहनों की नंबर प्लेट नहीं है या फिर नंबर प्लेट पर कुछ ओर लिखवा रखा हैं। पुलिसकर्मी अपनी ड्यूटी कर रहे हैं। जो गलत होगा उस पर कार्रवाई होगी।




पानीपत। समालखा शहर में चालान प्रकिया को लेकर डीएसपी से मिलते सरपंच एसोसिशन सदस्य। फोटो :हरिभूमि

#### डीएसपी नरेंद्र की आमजन से की अपील

डीएसपी नरेंद्र कादियान नें लोगों से अपील की है कि वे यातायात नियमों की पालना के प्रति गंभीर रहें और अनदेखी न करें। साथ में सड़कों पर अतिक्रमण को बढ़ावा न दें। उन्होंने नियमों की पालना के प्रति दुकानदारों, रेहड़ी वालों, फुटकर विक्रेताओं व वाहन चालकों को जागरूक करते हुए चेताया कि पुलिस द्वारा लगातार अभियान चलेगा जो भी नियमों की अवहेलना करते हुए पाया जाएगा उसका चालान काटा जाएगा। डीएसपी नरेंद्र कादियान ने बताया कि अभियान के दौरान लोगों को यातायात के नियमों का पालन करने व सड़कों पर अतिक्रमण न करने के लिए जागरूक किया जा रहा हैं। फिर भी लोग नहीं मानते हैं तो सख्त कार्रवाई की जा रही हैं।

## खबर संक्षेप

### ठगी में तीन आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना मुलाना में दर्ज एटीएम कार्ड बदलकर धोखाधड़ी करके खाते से बड़ी रकम निकालने के मामले में सीआईए-1 ने वांछित तीन आरोपियों जगमोहन उर्फ छोटा, सोनू व संदीप कुमार उर्फ सन्नी को गिरफ्तार किया है। आरोपियों को चार दिन के रिमांड पर लिया गया है। रिमांड के दौरान आरोपियों से 88 हजार रूपये की नकदी तथा वारदात में प्रयुक्त कार बरामद की गई है। आरोपियों ने नैनीताल तथा सहारनपुर में भी इस प्रकार की वारदातों को अंजाम दिया है। डुलियानी के रहने वाले हरिराम ने 13 जून 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 7 जून 2025 को आरोपी ने उसका एटीएम कार्ड धोखे से बदल कर उसके खाते से एक बड़ी रकम निकाल ली है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### नशे के खिलाफ छात्रों ने ली शपथ

**अंबाला।** गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज में नशे की लत से निपटने और युवाओं में जागरूकता बढ़ाने के लिए सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के तहत नशा मुक्ति एवं तंबाकू निरोधक प्रकोष्ठ ने ई-शपथ अभियान का आयोजन किया। विभिन्न विभागों के कुल 50 छात्रों ने अभियान में उत्साहपूर्वक भाग लिया। नशा मुक्त रहने तथा दूसरों को भी नशाखोरी से दूर रखने की ऑनलाइन शपथ ली।

### सकारात्मक सोच मनुष्य की सफलता की कुंजी

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के मालवीय मिशन टीचर ट्रेनिंग सेंटर व वाणिज्य विभाग के संयुक्त तत्वावधान में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के निदेर्शानुसार ऑनलाइन माध्यम से चलाए जा रहे 14 दिवसीय पुनश्चर्या पाठ्यक्रम के तीसरे दिन मुख्य वक्ता हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के वाणिज्य विभाग से प्रोफेसर कुलभूषण चंदेल ने प्रतिभागियों को सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करने के विभिन्न उपायों से अवगत कराया। सकारात्मक सोच न केवल सफलता की कुंजी है, बल्कि यह व्यक्ति के संपूर्ण व्यक्तित्व को भी निखारती है। सत्र की अध्यक्षता कर रहे महाराजा अग्रसेन महाविद्यालय, जगाधरी से डॉ अनिल ने प्रो चंदेल का विस्तृत परिचय दिया। सांयकालीन सत्र में आई. आई. टी. रोपड़ से प्रो अजय रावल ने डिजाइन थिंकिंग के मूलभूत सिद्धांतों सहानुभूति, समस्या की परिभाषा, विचार-सृजन, प्रारूप निर्माण एवं परीक्षण को रणनीतिक नवाचार रूपरेखाओं के साथ संयोजित किया।

### विधायक निर्मल सिंह ने बिजली की बढ़ती दरों को लेकर सरकार पर बोला हमला


# जनता की आर्थिक दिक्कतों को लेकर गंभीर हुई सरकार

## राज्य की मौजूदा व्यवस्था अब सेवा नहीं, शोषण की पराकाष्ठा बन चुकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

पूर्व मंत्री एवं विधायक निर्मल सिंह ने कहा कि जब शासन प्रजा के मूलाधिकारों को दान समझने लगे। जीवनोपयोगी साधनों पर मूल्य का शिकंजा कस दे तो समझना चाहिए कि सत्ता संवेदनहीन हो चुकी है। निर्मल सिंह ने बिजली दरों में हुई अचानक और चुपचाप बढ़ोत्तरी को जन-विरोधी करार दिया है। उनका कहना है कि राज्य की मौजूदा व्यवस्था अब सेवा नहीं, शोषण की पराकाष्ठा बन चुकी है। विधायक सोमवार को अंबाला शहर के रेस्ट हाउस में जनता समस्या दरबार मे लोगो की समस्याओं को सुन रहे थे।

उन्होंने कहा कि गर्मी की तपिश से झुलसती जनता को राहत देने के बजाय, सरकार ने बिजली बिलों की ज्वाला सौंप दी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि उपभोक्ताओं पर अब ऐसा आर्थिक भार लाद दिया गया है जो न केवल अनीतिपूर्ण है, बल्कि अमानवीय भी। सिंह के अनुसार पहले जहां एक सामान्य परिवार को 900 से 1000 रुपये का मासिक बिल देना होता था अब नये रेट लागू होने के बाद उसी परिवार को 4000 से 5000 रुपये का भुगतान करना पड़ेगा। 75 रुपये प्रति किलोवाट का नया 'स्थायी भार कर (फिक्स चार्ज) जोड़ कर, सरकार ने बिजली को विलास की वस्तु बना डाला है। 10 किलोवाट के कनेक्शन पर अब हर माह 750 रुपये अतिरिक्त देने होंगे, वो भी केवल भार का कर चुकाने के लिए। उन्होंने कहा कि जिस सत्ता को जनसुविधा का दायित्व सौंपा गया था, वह अब दंड-वितरण का केंद्र बन चुकी है। उन्होंने याद दिलाया कि कांग्रेस शासन में जब वे सरकार का हिस्सा थे तब चार पॉवर प्लांट और एक परमाणु ऊर्जा संयंत्र स्थापित किए गए थे। लगभग 1600 करोड़ रुपये के उपभोक्ता बिल माफ कर जनता को राहत दी गई थी। इसके विपरीत, वर्तमान शासन ने पिछले 10 वर्षों में एक भी विद्युत उत्पादन इकाई का श्रीगणेश नहीं किया बल्कि यमुनानगर में पुराने पॉवर प्लांट का ही देश के प्रधानमंत्री से उद्घाटन करा दिया। उन्होंने कहा कि यह केवल दरों की बात नहीं है यह दृष्टिकोण की बात है।



**अंबाला।** लोगों की समस्याएं सुनते विधायक निर्मल सिंह।

### पीड़ादायक ढांचा बन गई बिजली की बढ़ी दरें



**अंबाला।** अंबाला छावनी से विधानसभा चुनाव में आजाद उम्मीदवार रही चित्रा सरवारा ने बिजली की बढ़ती दरों को लेकर प्रदेश सरकार पर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि जब शासन जनसेवा के स्थान पर कर-संग्रह को अपना परम धर्म बना ले और मूलभूत आवश्यकताओं को दया नहीं, दंड का विषय मान लिया जाए। तब वह व्यवस्था नहीं एक पीड़ादायक ढांचा बन जाती है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा लागू की गई नवीन विद्युत दर-व्यवस्था जनता के लिए आफत बन गई है। चित्रा ने कहा कि अब विद्युत कोई सहज, सुलभ सेवा नहीं रही, यह एक प्रकार का वित्तीय दंड बन चुकी है। यदि किसी घर का भार पांच किलोवाट से अधिक है तो उसे हर दो माह पर 900 से 2250 तक का स्थायी भार-शुल्क देना होगा। यह सीधा आर्थिक बोझ है। यदि मासिक खपत तीन सौ इकाई से अधिक हो तो 50 प्रति किलोवाट प्रतिमाह अतिरिक्त भार लगेगा। इसका सीधा अर्थ है कि जो परिवार थोड़ा अधिक उपभोग कर रहे हैं, उन्हें अब उपभोग के लिए भी दंडित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अब बिजली केवल दीप प्रज्वलन का साधन नहीं रही। यह राज्य के खजाने में पूर्ति का यंत्र बन चुकी है। मीटर अब सुविधा का उपकरण नहीं, कर-संग्रह की संदूक हो गया है। घरेलू बजट में आग लगाने का काम करेंगे नए बिजली के बिल। उन्होंने कहा कि यह स्थिति अंबाला छावनी में खास आघात कर रही है। अंबाला छावनी जो एक प्रमुख औद्योगिक केंद्र है। यहां यंत्र निर्माण,औषधि निर्माण,खेल सामग्री,विज्ञान उपकरण तथा अन्य विविध प्रकार की लघु एवं मध्यम उद्योग इकाइयां दशकों से कार्यरत रही हैं अब अस्तित्व के संकट से जूझ रहा है। ये उद्योग व्यवस्था हजारों लोगों को नौकरी देती हैं। उतने ही घर चलाती है। राजस्व को हजारों करोड़ का योगदान है इस इंडस्ट्री का। नौकरी की कमी से युवाओं का पलायन चर्म पर है और ऐसे फैसलों के बाद नौकरी देने वाले उद्योग भी हरियाणा से चले जाएंगे।


## जनता अपराधियों से नहीं सरकार की बेरहम नीतियों से खौफजदा

- प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व कोषाध्यक्ष रोहित जैन बोले बिजली की दरों में चार गुणा बढ़ौतरी कर भाजपा ने जनता के साथ किया विश्वासघात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व कोषाध्यक्ष रोहित जैन ने बिजली की बढ़ी दरों को लेकर प्रदेश सरकार की कड़ी आलोचना की। पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता अपराधियों से नहीं सरकार की नीतियों से लहूलुहान है। जब राज्य का नागरिक सुबह अख़बार पढ़ते ही हत्या, लूट और फिरौती की खबरों से डर जाए और शाम होते-होते घर में जलती बत्ती के बदले बिजली बिल के झटके से कांप उठे तब यह स्पष्ट संकेत होता है कि राज्य की सत्ता ने जनकल्याण की जिम्मेदारी से मुंह मोड़ लिया है।

उन्होंने स्पष्ट कहा कि सरकार अब अपराध को रोकने की बजाय जेल में बैठे अपराधियों को सुविधाएं दे रही है जबकि आम नागरिक से हर महीने बिजली के बिल के नाम पर खून निचोड़ रही है। यह सरकार अब कर नहीं लगाती। प्रताड़ना लगाती है। बिजली की नई दरों को लेकर रोहित जैन ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि जनता पर अब बिजली की मार एक तिहरा प्रहार बन गई है न समय पर आपूर्ति, न स्थिर बिल, और ऊपर से स्थायी करों का जंजाल। उन्होंने कहा कि सरकार ने अब वह सीमा पार कर दी है जहां आम आदमी केवल उपभोक्ता नहीं, अब वह दंड का पात्र बना दिया गया है। उन्होंने कहा कि 5 किलोवाट से ऊपर के उपभोक्ताओं पर 900 से लेकर 2250 तक की अतिरिक्त मार और 300 यूनिट से अधिक उपभोग पर फिक्स शुल्क, आम नागरिक के लिए एक 'वित्तीय आपदा' से कम नहीं। उन्होंने कहा कि नई दरों के तहत अब 900 रुपए का बिजली बिल 4000 का हो गया है। लोग पहले ही प्रचंड गर्मी से परेशान हैं। ऐसे में बिजली के भारी भरकम बिल देखकर उनके और पसीने छूट रहे हैं। उन्होंने बताया कि पहले बिजली की दरें स्लैब वाइज तय थीं। 50 यूनिट या उससे अधिक खपत पर 2.50 रुपए से 6.30 रुपए प्रति यूनिट तक चार्ज लगता था। अब 5 किलोवाट से अधिक लोड होने पर 6.50 रुपए से 7.50 रुपए प्रति यूनिट तक वसूला जा रहा है। जिनका बिल पहले एक हजार रुपए आता था। अब नई दरों के हिसाब से 4 हजार तक आ रहा है। सबसे बड़ी मार तो उद्योगपतियों पर पड़ रही है। जैन ने कहा कि प्रदेश सरकार को फिक्स चार्ज कम कर उद्योगपतियों को राहत देनी चाहिए। अगर ऐसा नहीं हुआ तो प्रदेश से उद्योगों का पलायन होना तय है।


**अंबाला।** बिजली की बढ़ी दरों को लेकर मीडिया से बातचीत करते एडवोकेट रोहित जैन व अन्य।

### बिजली दरों में चार गुना वृद्धि जनविरोधी कदम



**बराड़ा।** प्रदेश में बिजली की दरों में की गई चार गुना वृद्धि को लेकर लोकसभा सांसद वरुण चौधरी ने भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि सरकार ने आम जनता की जेब पर सीधा डाका डालते हुए बिजली को महंगा कर दिया है। सांसद चौधरी ने मांग की है कि जनहित में तुरंत इस बढ़ोतरी को वापिस लिया जाए। सांसद ने कहा कि पहले जिन आम परिवारों का मासिक बिजली बिल 900 से 1000 रुपये तक आता था, अब वही बिल बढ़कर 4000 से 5000 रुपये तक पहुंच गया है। एक ओर प्रदेशवासी भीषण गर्मी और लगातार बिजली कटौती से परेशान हैं। दूसरी ओर सरकार बिजली के रेट बढ़ाकर जनता पर दोहरी मार कर रही है। बिजली निगम द्वारा अब 75 रुपये प्रति किलोवाट के हिसाब से फिक्स चार्ज जोड़ा गया है। इसका मतलब है कि 10 किलोवाट के कनेक्शन पर उपभोक्ताओं को हर महीने 750 रुपये अतिरिक्त देने होंगे। पहले स्लैब वाइज दरें थीं, जिनमें प्रति यूनिट 2.50 रुपये से लेकर 6.30 रुपये तक की दर लागू होती थी, लेकिन अब 5 किलोवाट से अधिक लोड वाले उपभोक्ताओं से 6.50 से 7.50 रुपये प्रति यूनिट वसूले जा रहे हैं। सांसद ने कहा कि भाजपा सरकार के दस वर्षों में बिजली उत्पादन की दिशा में कोई नया प्रयास नहीं किया गया बावजूद इसके दरें लगातार बढ़ाई जा रही हैं। चौधरी ने कहा कि प्रदेश पहले ही बेरोजगारी, महंगाई और भ्रष्टाचार जैसी समस्याओं से जूझ रहा है। ऐसे में बिजली दरों में की गई यह भारी-भरकम बढ़ोतरी आमजन, किसानों, मजदूरों और छोटे व्यापारियों के हितों के खिलाफ है। उन्होंने सरकार से मांग की कि बिजली दरों में की गई वृद्धि को तुरंत वापिस लिया जाए ताकि प्रदेश की जनता को राहत मिल सके।

## रणदीप सुरजेवाला को सौंपी जाए हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी की कमानः मधुसूदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



किसान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष एडवोकेट मधुसूदन बवेजा ने कहा कि जब से हरियाणा में भाजपा सरकार बनी है तब से हरियाणा में किसान, बेरोजगार, महंगाई, भ्रष्टाचार, बलात्कार, कर्मचारियों का दमन शुरू हुआ और अब एक विकराल रूप धारण कर लिया। बवेजा ने कहा कि समय समय पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रणदीप सिंह सुरजेवाला जनता की और से अपनी आवाज उठाते रहे हैं लेकिन अब समय आ गया है और पार्टी हाई कमान को हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी की कमान सौंप देनी चाहिए ताकि प्रदेश में कांग्रेस पार्टी आम जनमानस को साथ लेकर सरकार के कामकाज को और उसकी विफलताओं को दूर दूर तक लेकर जाए। बवेजा ने कहा कि जब तक पार्टी हाई कमान हरियाणा की बागडोर सुरजेवाला को प्रदेश अध्यक्ष नहीं बनाती, तब तक भाजपा को सत्ता से दूर रखने का प्रयास कोई और नेता नहीं कर सकता। जनमानस की यही आवाज है और समय की पुकार है। कांग्रेस का प्रदेश अध्यक्ष सुरजेवाला हो या फिर कोई पंजाबी नेता हो वरना बहुत देर हो जाएगी।

# कॉलेजों में दाखिले के लिए योग्य छात्रों की सूची जारी

- 25 को जारी होगी प्रोविजनल सूची
- अंबाला छावनी के गर्वनमेंट पीजी कॉलेज में दाखिले के लिए सबसे ज्यादा मारामारी, पॉलीटेक्निक कॉलेज की कई ट्रेड्स में दाखिले के लिए छात्रों में उत्साह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

कॉलेजों में दाखिला के लिए सोमवार को योग्य छात्रों की सूची चस्पा दी गई। अब दो दिन बाद यानि 25 को प्रोविजनल सूची जारी की जाएगी। सूची में जिन छात्रों के नाम आए उसके चेहरों पर खुशी देखने लायक थी।

नाम न आने से काफी छात्र निराश भी दिखे। हालांकि उन्हें दूसरी सूची में नाम आने की उम्मीद है। इस बार दाखिले के लिए सबसे ज्यादा मारामारी छावनी के राजकीय महाविद्यालय में है। आवेदन के बाद अब कॉलेजों में सभी योग्य अभ्यर्थियों की सूची चस्पा दी गई है। इसके बाद 25 जून को पहली प्रोविजनल और 26 जून को पहली फाइनल सूची जारी की जाएगी। इसमें आने वाले अभ्यर्थी कॉलेजों में दाखिला ले सकेंगे। इसी तरह राजकीय बहुतकनीकी व कल्पना चावला राजकीय महिला बहुतकनीकी संस्थान में 30 जून तक आवेदन होंगे। राजकीय बहुतकनीकी में 600 सीट पर दाखिला होगा। संस्थान में 750 से ज्यादा आवेदन आ चुके हैं। कॉलेजों में प्रोफेशनल कोर्स में इस बार ज्यादा सीट ज्यादा भरने की उम्मीद है। इन कोर्स में बीबीए, बीसीए, बीसीए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पाठ्यक्रम शामिल हैं। इस बार बीए, बीकॉम में भी रुझान देखने को मिल रहा है। बीएससी मेडिकल व नॉन मेडिकल कोर्स में आवेदन में कमी आई है।

### इलेक्ट्रिशियन और कोपा में आवेदन

राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में 27 जून तक आवेदन होंगे। शहर राजकीय आईटीआई लड़के में 1184 सीटों पर दाखिला किया जाएगा। इन सीटों के मुकाबले पांच हजार 73 आवेदन प्राप्त हो चुके हैं। संस्थान प्राचार्य भूपिंद्र सिंह सांगवान ने बताया कि इलेक्ट्रिशियन में 1009, फीटर में 426, कोपा में 542, एमएमवी में 242, मैकेनिक डीजल में 334, वायरमैन में 296, इलेक्ट्रानिक मैकेनिक में 233, आरएंडएसी में 284, वेल्डर में 132, सोलर इलेक्ट्रीशियन में 149, एचएसआई में 81, स्टेनो हिंदी में 120 सहित अन्य कोर्स में आवेदन आ चुके हैं।

### जारी होगी मेरिट सूची

25 जून को पहली प्रोविजनल मेरिट सूची जारी होगी। 26 जून को पहली फाइनल मेरिट सूची जारी होगी। 27 से 30 जून तक पहली फाइनल सूची में आने वाले अभ्यर्थी फीस जमा करवा सकेंगे। 2 जुलाई को दूसरी प्रोविजनल सूची जारी होगी। 3 जुलाई को दूसरी फाइनल मेरिट सूची जारी की जाएगी। 9 जुलाई को बची सीट पर फिजिकल काउंसलिंग की जाएगी।

## डीसी ने शिविर में आई पांच शिकायतों का किया समाधान

- अधिकारियों को तय समय पर लोगों को राहत देने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने कहा कि समाधान शिविर में प्रार्थियों द्वारा जो भी समस्याएं रखी गई उनका प्राथमिकता के आधार पर जल्द समाधान किया जाए। उपायुक्त सोमवार को अपने कार्यालय मे आयोजित समाधान शिविर की अध्यक्षता कर रहें थे। उपायुक्त ने समाधान शिविर मे पंहुचे शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को सुनकर समाधान के आदेश दिए। उन्होंने कहा कि समाधान शिविर प्रदेश सरकार द्वारा आमजन मानस की समस्याओं का त्वरित समाधान करने के उदेश्य से शुरू की गई एक सार्थक एवं सराहनीय पहल है। सभी अधिकारीगण इसी उदेश्य को ध्यान मे रख-कर लोगों की समस्याओं को तय समय में जल्द निपटाने के मकसद से कार्य करें। अहम पहलू है कि इन समाधान शिविरों को ओर प्रभावशाली व जन समस्याओं से राहत कारी बनाने के लिए मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी द्वारा वीसी के माध्यम से निरंतर मॉनिटरिंग की जा रही है। इसके अलावा चंडीगढ़ से वीसी द्वारा समाधान शिविरों को लेकर राज्य स्तरीय साप्ताहिक समीक्षा बैठक की जाती है। बतां दे कि समाधान शिविर में शिकायतकर्ताओं द्वारा कुल 5 शिकायतें रखी गई जिनमें चौड़मस्तपुर की गुरजीत कौर ने राशन कार्ड कटने, तोपखाना परेड की पूनम देवी ने परिवार पहचान पत्र में पारिवारिक आय अधिक होने, मनमोहन नगर के जीत सिंह फैमिली आईडी व श्रम कॉपी बनवाने , सोनिया कॉलोनी से सुरजीत सिंह पानी के बिल व अन्य समस्या डीसी के सामने रखी। इन प्रार्थियों की समस्याओ को उपायुक्त ने सुनते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को इनकी समस्याओं का जल्द निपटान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। सरकार द्वारा निर्देशित जिला स्तर व उपमंडल स्तर पर प्रत्येक सोमवार व वीरवार को सुबह 10 बजें से 12 बजें तक समाधान शिविर आयोजित किए जा रहें है।



**अंबाला।** लोगों की समस्याएं सुनते डीसी अजय सिंह तोमर।

### ये रहे मौजूद

*इस मौके पर अतिरिक्त उपायुक्त महेंद्र पाल, नगराधीश अभिषेक गर्ग, डीएसपी विजय कुमार, एसडीओ बिजली विभाग जोगिंद्र भी मौजूद रहे।*

### प्राइवेट बस की चपेट में आने से युवक की मौत

**अंबाला।** प्राइवेट बस की चपेट में आने से युवक की मौत हो गई। सोमवार को पंजाब के बहादरगढ़ का रहने वाला 35 साल का हरप्रीत सिंह अपने दादा की दवा लेने के लिए अंबाला शहर आया था। जैसे ही पॉलिटेक्निक चौक से दवा लेकर चौक पार करने लगा तो एक तेज रफ्तार बस ने उसे टक्कर मार दी। जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई। पोते का शव देखकर परिजनों पर कहर टूट गया। सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंची और बस को कब्जे में लेकर शव को सिटी के नागरिक अस्पताल में पहुंचाया। इलाका पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। पुलिस ने प्राइवेट बस चालक के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# घरेलू नौकरों और किरायेदारों की जानकारी पुलिस को दें मालिक

- डीसी ने आदेश जारी किए, कहा ऐसा न करने वाले मालिकों के खिलाफ होगी कार्रवाई
- कानून एवं व्यवस्था बनाए रखने के लिए जनता का सहयोग अनिवार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने ने धारा 163 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 के तहत आदेश जारी करते हुए घरेलू नौकरों, किराएदारों व पेइंग गेस्ट की जानकारी नजदीकी पुलिस स्टेशन में देने के आदेश दिए हैं। जिलाधीश ने बताया कि जिला में कानून एवं व्यवस्था बनाए रखने के लिए जनता का सहयोग अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि सभी लोगों के लिए यह जरूरी है कि जब भी वे किसी व्यक्ति को किराएदार या घरेलू नौकर रखें तो उसकी सूचना तुरंत पुलिस थाना, चौकी में दें ताकि उसके चरित्र के बारे में पता लगाया जा सके।

उन्होंने यह भी बताया कि इस बात से भी इनकार नहीं किया जा सकता है कि अपराधिक प्रवृति के लोगों द्वारा पहले मकान किराए पर लेते पर हैं बाद में बड़ी घटना को अंजाम देकर फरार हो जाते हैं। इन सब बातों को ध्यान में रखते हुए अवैध गतिविधियों को रोकने के दृष्टिगत यह आदेश जारी किए गए हैं।

सभी लोगों से अनुरोध है कि वे अपने घरों में घरेलू नौकर रखने के साथ-साथ पीजी के माध्यम से जो लोग रखते है उसका विवरण व सूचना तुरंत पुलिस को देना सुनिश्चित करें।

उन्होंने यह भी बताया कि यह आदेश 18 अगस्त 2025 तक लागू रहेंगे। यदि कहीं पर आदेशों की उल्लंघना पाई जाती है तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।




## कुल सिद्धू की वेब सीरीज़ 'दारो' चार जुलाई को केबलवन पर विशेष प्रीमियर

**चंडीगढ़।** केबलवन अपने नए ओरिजिनल प्रोजेक्ट "दारो" की विशेष रिलीज की घोषणा करता है, जिसमें प्रसिद्ध अभिनेत्री कुल सिद्धू अपने करियर की सबसे प्रभावशाली भूमिका में नजर आ रही हैं। यह वेब सीरीज 4 जुलाई से केवल केबलवन पर स्ट्रीम की जाएगी। अमरदीप गिल द्वारा लिखित और निर्देशित यह वेब सीरीज़ एक ऐसी महिला की ज़िंदगी पर आधारित है, जो गरीबी से उभर कर न्याय की लड़ाई लड़ती है। यह सिर्फ़ बदले की कहानी नहीं, बल्कि आत्म-सम्मान, हौसले और सुरक्षा की जंग है। कुल सिद्धू ने अपने किरदार की तैयारी के लिए गरीबी में जीवन व्यतीत कर रहे लोगों के साथ रहकर असली ज़िंदगी का अनुभव किया। उनकी अदाकारी को अब तक की सबसे सशक्त कहा जा सकता है। सीरीज़ में हरिंदर भुल्लर, बलविंदर धालीवाल, गुरी तूर, नवी भंगू, अमन सुतधार और मनी कुलार जैसे कई योग्य कलाकार शामिल हैं। गांवों में असली लोकेशनों पर फिल्माए गए दृश्य भी एक वास्तविक अनुभव प्रदान करते हैं।

### ब्राह्मण समाज की भलाई के लिए काम करने का संकल्प

# श्री परशुराम जिला ब्राह्मण सभा की कार्यकारिणी का विस्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

श्री परशुराम जिला ब्राह्मण सभा की विशेष मीटिंग भगवान परशुराम गौशाला खतौली गेट में चेयरमैन राजेंद्र कौशिक की अध्यक्षता में संपन्न हुई। मीटिंग का संचालन देवी लाल संस्थापक द्वारा किया गया। मीटिंग में प्रधान तरसेम पाल शर्मा द्वारा ब्राह्मण समाज की एकता तथा भलाई के लिए सम्मानित बंधुओं से विचार-विमर्श करके सभा को सुचारू एवं प्रभावी ढंग से चलाने के लिए मुख्य टीम, महिला टीम तथा युवा टीमों की घोषणा की गई। एडवोकेट नम्रता गौड़, गीता देवी, सीमा मेहता तथा एडवोकेट मणीकांत शर्मा ने समाज कल्याण के लिए हर सम्भव सहयोग का आश्वासन दिया है। कौशिक ने सभी पदाधिकारियों को बधाई कहा कि श्री परशुराम जिला ब्राह्मण सभा की किसी अन्य सभा से कोई स्पर्धा न होकर ब्राह्मण समाज की भलाई के कार्य करना है। इस सभा के गठन का मुख्य उद्देश्य नशे की गर्त में फंसते जा रहे युवाओं को इससे निजात दिलाना, बेरोजगारी दूर करना युवाओं तथा जरुरत मंदों को रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाना है। इसके साथ ही हरियाणा सरकार से ब्राह्मण कल्याण बोर्ड का गठन करवाने के प्रयास करना है। प्रधान तरसेम शर्मा ने समस्त बंधुओं को शुभकामनाएं देते हुए आग्रह किया कि जो भाई समाज की भलाई के लिए समय दे सकता है। वह स्वयं भी हर समय समाज की भलाई के लिए तन, मन, धन से तत्पर रहेंगे। जोगिंदर पाल कौशल, तरसेम शर्मा, देवी लाल शर्मा, राजेंद्र कौशिक, तरसेम शर्मा पंजोखरा, अशोक कुमार शर्मा तथा रघुबीर शर्मा ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को भगवान परशुराम के पटके पहना का शुभकामनाएं दी।


**अंबाला।** नवनियुक्त पदाधिकारियों के साथ मुख्य पदाधिकारी।

### ये रहे मौजूद

*मीटिंग में मुकेश कुमार शर्मा, राकेश शर्मा गोल्डी, संजय गौड़, राजेश शर्मा आढ़ती, पंडित महेश कुमार, लक्ष्मी कांत शर्मा, प्रदीप कुमार शर्मा, दीपक बक्शी बोह, रविन्द्र शर्मा, कुलभूषण शर्मा, देव राज शर्मा, जयपाल सोनु, कृष्ण कुमार शर्मा, विकास शर्मा, राजेश कुमार शर्मा, मास्टर ब्रिजेश शर्मा, सतीश शर्मा, कुशल कुमार, कृष कुमार, जतिन शर्मा, साहिल शर्मा, विष्णु शर्मा, विपिन शर्मा, लखन कुमार शर्मा भी मौजूद रहे।*